नई दिल्ली
गुरुवार, 20 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 312
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 25.0
न्यून. 12.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



9 दुबई चैंपियनशिप : मुकोवा के खिलाफ हारी राडुकानु

haribhoomi.com

adani Foundation

## अदाणी फाउंडेशन का मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत 'स्वास्थ्य सेवा मंदिर' स्थापित करने का संकल्प।



### हमारे स्वास्थ्य मंदिरों में सेवा सदा सर्वोपरि होगी।

अदाणी में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेषाधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पाने का हकदार है। हम यह भी मानते हैं कि मेडिकल साइंस को आगे बढ़ाने और रोगियों के इलाज में बेहतर परिणाम पाने के लिए, लगातार सीखने और अनुसंधान की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।

हमें मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मंदिरों के स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। पूरे भारत में, ऐसे ही अनेक स्वास्थ्य सेवा मंदिरों की स्थापना करना हमारा लक्ष्य है। इसमें, अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे वर्ल्ड क्लास सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शैक्षणिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे, जिन्हें **मायो क्लिनिक** के परामर्श से विकसित किया जाएगा।

सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हेल्थ इकोसिस्टम में हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो इलाज, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करती है। इसे स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

- **क्षेत्र: 50 लाख वर्ग फुट**
- **छात्र: 2,000 मेडिकल छात्र**
- **अस्पताल क्षमता: 2,000 बेड**
- **20 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा**







## सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।



## दिल्ली नगर निगम ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की पार्षद किरण बाला और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर मिंटो ब्रिज के पास शिवाजी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए क्षेत्रीय पार्षद किरण बाला ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन सदैव ही प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज स्वतंत्रता संग्राम के सभी नेताओं के पथप्रदर्शक रहे हैं। उनका नेतृत्व व उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा दायक है और यह आज भी प्रासंगिक है। उनका त्याग, समर्पण और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### नीचे गिरने से हुये घायल, अस्पताल में भर्ती

# मकान में लगी आग, छह लोगों ने दूसरी मंजिल से नीचे लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नांगलोई जनता मार्केट इलाके में मंगलवार देर रात एक मकान में गैस लीक की वजह से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि छह लोगों ने बचने के लिए दूसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। घायलों के नाम प्रांजल (19), प्रीति (40), पंकज (40), पवन (18), वैभव (13) और श्वेता (20) हैं। सभी को पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) चीफ अतुल गर्ग ने बुधवार को बताया कि रात पौने दस बजे ज्वालापुरी क्षेत्र के अंतर्गत वाई-655, मोबाइल मार्केट, जनता मार्केट के एक घर की पहली और दूसरी मंजिल पर घरेलू सामान में आग लगी थी। इसके बाद



दमकलकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की। दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और रात 11 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले दूसरी मंजिल पर फंसे छह लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए कूदने का विकल्प अपनाया। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें इमारत की पहली मंजिल पर भीषण आग लगी हुई नजर आ रही है और लोग बचने के लिए बालकनी से कूदते दिख रहे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग रात करीब साढ़े नौ बजे लगी, जब कई लोगों ने इमारत से धुआं निकलता देखा तो पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैलती गई और दो अलग-अलग परिवारों के सदस्य दूसरी मंजिल पर फंस गए। वह मदद की गुहार लगा रहे थे। इसके बाद फंसे हुए लोग बालकनी से कूद गये। ऊंचाई से कूदने के कारण उन्हें चोटें आई, लेकिन हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार भीषण आग के कारण छह लोग दूसरी मंजिल से कूदे थे। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। हमने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### रोहिणी में एमसीडी डिस्पेंसरी की बिल्डिंग में आग

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 7, स्थित एमसीडी की डिस्पेंसरी में मंगलवार देर रात आग लग गई। तीन मंजिला बिल्डिंग के सबसे ऊपरी हिस्से पर छत में आग लगी थी। वहां काफी सामान रखा हुआ था। मौके पर सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। पुलिस सीसीटीवी फुटेज जांच रही है। शक जताया जा रहा है कि आग जानबूझकर लगाई गई थी। यह घटना देर रात एक बजे के आसपास सामने आई।

# बिंदापुर महिला को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिंदापुर पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से देसी कट्टा भी बरामद कर लिया गया है। इसी से गोली चलाई गई थी। आरोपियों के नाम आदित्य उर्फ आदि और सुनील कुमार उर्फ फौजी बताये गये हैं।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार दोनों आरोपी द्वारका जेजे कॉलोनी के रहने वाले हैं। इनकी तलाश बिंदापुर थाना की पुलिस टीम कर रही थी। 9 फरवरी की रात फायरिंग की वारदात सेक्टर 3, द्वारका में हुई थी। पुलिस को इंदिरा गांधी हॉस्पिटल से विद्या नाम की एक महिला को गोली लगने पर भर्ती कराने की सूचना मिली थी। मौके से पुलिस को गोली का खोल भी मिला। कई दिनों की छानबीन के बाद दोनों आरोपियों के बारे में पता लगा और उन्हें पकड़ लिया गया। पहले आदित्य को गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर डीडीए पार्क जेजे कॉलोनी से कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आदि ने बताया कि जिस महिला को गोली लगी, वह अपने कमरे में बैठी हुई थी। उसके बेटे जितेंद्र के साथ झगड़ा हो रहा था। आदित्य के रिलेटिव जितेंद्र को सॉरी बोलने के लिए कह रहे थे। लेकिन वह इसके लिए मान नहीं रहा था। इसी दौरान गुस्से में आकर आदित्य ने पिस्टल से गोली चला दी, जो जितेंद्र की मां को लग गई। पुलिस ने आदित्य की निशानदेही पर सुनील को गिरफ्तार किया।

### ऑन डिमांड वाहन चोरी करने वाले हाईटेक गैंग का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक अत्याधुनिक ऑटेल डिकोडिंग मशीन का उपयोग करके ऑनलाइन डिमांड पर कार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह मेहताब समीम पिल्ला गिरोह के नाम से जाना जाता था। दो वाहन चोरों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार भी बरामद हुये हैं। सरगना मेहताब 35 से अधिक वाहन चोरी के मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी निधि वासन के अनुसार इनके पास से चोरी के चार वाहन (ब्रीजा, डिजायर, ईको और ऑल्टो ) कार बरामद हुई है। इन पर फर्जी नंबर प्लेट, छेड़छाड़ किए गए चेसिस नंबर डाले गये थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से कारों की चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले आधुनिक उपकरण भी बरामद किए गए है। पकड़े गये आरोपियों के नाम मेहताब, फैजल और शाहजान हैं। तीनों आरोपी मेरठ और मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं।

# ऑपरेशन ट्रैक बैक के तहत बरामद मोबाइल मालिकों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ऑपरेशन ट्रैक बैक के तहत बरामद हुये मोबाइल उनके मालिकों को लौटा रही है। पुलिस की इस पहल ही लोग भी तारीफ कर रहे हैं। हाल के दिनों में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा करीब तीन करोड़ कीमत के मोबाइल फोन बरामद किये जा चुके हैं। सत्यापन के बाद 216 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए। अन्य की सत्यापन प्रक्रिया जारी है।

एडिशनल सीपी संजय कुमार सैन के अनुसार दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को 'ऑपरेशन ट्रैक बैक' के तहत चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने में एक बड़ी सफलता मिली है। गत दिनों बरामद हुये 305 मोबाइल फोन में से 216 मोबाइल लौटाये गये है। दिल्ली पुलिस वीक



के हिस्से के रूप में 19 फरवरी को ऐवान-ए-गालिब ऑडिटोरियम, माता सुंदरी मार्ग में 'ऑपरेशन ट्रैक बैक' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा की गई। कार्यक्रम में ज्वाइंट सीपी क्राइम सुरेंद्र सिंह, एडिशनल सीपी संजय कुमार सैन, डीसीपी आदित्य गौतम के अलावा क्राइम ब्रांच के सभी डीसीपी, एसीपी और इंस्पेक्टर शामिल हुए। देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने क्राइम ब्रांच की इस पहल की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि जघन्य मामलों को सुलझाने के साथ-साथ, ये छोटे कदम हैं जो आम लोगों में खुशी बहाल कर सकते हैं। उन्होंने समारोह में उपस्थित जनता से अनुरोध किया कि पुलिस और जनता एक साथ आकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल फोन चोरी की घटनाओं और नागरिकों के व्यक्तिगत डाटा और सुरक्षा से जुड़े खतरों को ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच ने नागरिकों को खुशी लौटाने के लिए 'ऑपरेशन ट्रैक बैक' शुरू किया था। इस समर्पित पहल का उद्देश्य चोरी हुए मोबाइल फोन को पुनर्प्राप्त करना और सही मालिकों के पास उनकी वापसी सुनिश्चित करना है।

# महरौली के जंगल में बीसी की जली हुई लाश मिली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महरौली के जंगलों में बुधवार को एक शख्स की जली लाश पाई गई। मृतक की शिनाख्त सुभाष (40) के रूप में हुई है। वह साकेत थाने का बीसी बताया जाता है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस जांच के लिये आसपास के इलाके में लोकल लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार लाडो सराय में पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर अहिंसा स्थल और शमशान घाट के पीछे युवक की लाश पाई गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। बाद में मृतक की पहचान सुभाष उर्फ मोनू पुत्र जयपाल सेजवाल के रूप में हुई। पुलिस मृतक के कॉल डिटेल रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है। उधर नेब सराय थाना इलाके के खानपुर में बजरंग वाहिनी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज सिंह गुज्जर पर हमला किया गया। गजराज के शरीर पर कई जगह ब्लेड मारे गये हैं। उसे इलाज के लिये बत्रा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### छेनू गैंग का कुख्यात बदमाश मुंबई से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एएचटीयू टीम ने इरफान उर्फ छेनू पहलवान के गुर्गे को महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया है। आरोपी चार वर्षों से कानून से बच रहा था। इस पर हत्या, डकैती, जबरन वसूली और हत्या के प्रयास समेत करीब 17 मामले दर्ज थे। आरोपी शादाब उर्फ सद्दाम उर्फ तालिब नरेला का रहने वाला है। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार हाल ही में इंस्पेक्टर मनोज दहिया को इसके बारे में सूचना मिली थी। टीम को पता चला था कि आरोपी नाम बदलकर रह रहा है। वह बार बार स्थान बदल रहा है। तकनीकी निगरानी और 30 घंटों के लगातार प्रयास के बाद पुलिस ने मुंब्रा, जिला ठाणे, महाराष्ट्र में छापा मारा और शादाब को पकड़ लिया गया। वह इरफान का करीबी सहयोगी और रिश्तेदार है।

**THE ORIENTAL INSURANCE COMPANY LIMITED**
**REGIONAL OFFICE-2, CORE 1, FLOOR -1, SCOPE MINAR LAKSHMI NAGAR DIST. CENTER, NEW DELHI -92**
**TELEPHONE NO 011-22449481**
**OFFICE PREMISES ON LEASE BASIS**

Sealed offers are invited in Two Bid system for acquiring commercial premises on rent in the shape of hall/halls having approximate Carpet Area 800 sq.ft.(+/-10%) (excluding Bath Room, Lavatory, Verandahs etc.,) in the specified localities of Faridabad for a minimum period of 9 years lease to be registered with the appropriate authority for the same period with registrations charges to be shared on 50:50 basis. The Technical Bid as well as Financial Bid will only be selected on Carpet Area basis. The premises should be in ready to move in position, having power back up, toilets for ladies and gents, with proper ventilation and should be located on wide road having good approach for entry. All statutory and regulatory clearances like lift, fire safety etc, from concerned authorities will be secured by Landlord only.
Interested parties may submit bids in two separate envelopes duly scribed as "Technical Bid" and "Financial Bid". Both these bids should be put in third envelope superscribed "OFFER FOR OFFICE PREMISES ON LEASE". This should be addressed to Regional Manager, Estate Deptt., REGIONAL OFFICE at the above mentioned Address by 28.02.2025 (date) 5.00 p.m.
The technical bid shall be opened on 03.03.2025 (date) 3.00 p.m. The format for bids may be obtained from the above referred Regional Office address during office hours latest by 26.02.2025 (date) or may be downloaded from our company website www.orientalinsurance.org.in (Tenders). Sealed bids will have to be dropped into the Tender box meant for the same by the tenderer or his representative on or before the last date and box meant for the same by the tenderer or his representative on or before the last date and time. For Bids lost in transit and received late due to any reason, Company shall not be liable. Brokers will not be paid any Commission by the Company and their offer must accompany a letter from the owner authorizing them to quote on their behalf. The Company reserves the right to reject all or any of the offers without assigning any reason.

Deputy General Manager (I/C)

# दिल्ली की बदहाल कानून-व्यवस्था पर ध्यान दे भाजपा : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सात साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार की भाजपा सरकार से दिल्ली में कानून-व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। सिसोदिया ने कहा कि तिलक नगर इलाके में एक मासूम बच्ची के साथ हुई रेप की घटना ने दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। अपराधियों में कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव खत्म हो चुका है। अब भाजपा को काम करके दिखाना होगा। हमारी मांग है कि भाजपा कुछ ऐसा करे, जिससे बलात्कारियों और अपराधियों में




पुलिस का खौफ पैदा हो। बुधवार को प्रेसवार्ता में सिसोदिया ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ जो घटना हुई है वह हम सबके लिए बहुत चिंता की बात है कि दिल्ली में अपराधियों और महिलाओं के साथ गलत काम करने वालों के हौसले पूरी तरह से बुलंद हैं। अपराधियों और बलात्कारियों के मन में कोई डर नहीं है।

# विधानसभा अध्यक्षों की समीक्षा रिपोर्ट आने के बाद पार्टी आगे की बनाएगी रणनीति : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने बुधवार को अपने सभी विधानसभा अध्यक्षों से दिल्ली चुनाव में सभी पदाधिकारियों की भूमिका की समीक्षा रिपोर्ट अगले 10 दिनों में सौंपने का निर्देश दिया है। इस बात की जानकारी आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बुधवार का प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने प्रैसवार्ता में बताया कि बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपनी विधानसभा की मौखिक रिपोर्ट भी रखी और उनके अनुभवों और सुझावों को भी सुना गया। समीक्षा रिपोर्ट पर आप के राष्ट्रीय संयोजक से चर्चा करेंगे। इसके बाद जिन




पदाधिकारियों से अच्छा काम किया है, उनको सम्मानित किया जाएगा और जिन्होंने नकारात्मक भूमिका निभाई है, उनके साथ बात करके जरूरी कदम उठाएंगे। इस बैठक में सभी प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर, जरनैल सिंह, राजेश गुप्ता और कुलदीप कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा संगठन मंत्री समेत अन्य पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। राय ने बताया कि बुधवार को दिल्ली की 70 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के सभी ऑब्जर्वर्स, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा संगठन मंत्री और विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ हमने बैठक की। राय ने कहा कि जिन लोगों ने इस चुनाव में एक सकारात्मक भूमिका अदा की है या जिन पदाधिकारियों की नकारात्मक भूमिका रही, जिन्होंने अपनी ऊर्जा पूरी दिल्ली के अंदर लगाई है, जिन्होंने इस चुनाव के दौरान दूसरी पार्टी ज्वाइन की है, संगठन हर विधानसभा, वार्ड और मंडल तक के हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी की एक समीक्षा रिपोर्ट तैयार करेगा। यह रिपोर्ट हमें दस दिन के अंदर सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर हम आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ चर्चा करेंगे। उनके दिशा-निर्देश अनुसार जिन लोगों ने सकारात्मक भूमिका अदा की है, उनको संगठन में सम्मानित किया जाएगा। जिन लोगों ने नकारात्मक भूमिका अदा की है, संगठन उनके साथ भी बैठकर बात करेगा और जो भी जरूरी कदम होंगे, वह उठाए जाएंगे। यह संगठन के पुनर्गठन की ही प्रक्रिया है। अगले चरण में रिपोर्ट के आधार पर सकारात्मक काम करने वालों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

### महापौर ने किया तीन दिवसीय विज्ञान मेले का उद्घाटन, शिक्षकों को किया सम्मानित

# दिल्ली के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर करना होगा कार्य : महेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। क्योंकि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने बुधवार को करोल बाग जोन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान मेले के उद्घाटन के अवसर पर यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि निगम में आप सरकार की पहली प्राथमिकता शिक्षा है और हमारा यह प्रयास है कि निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को




बेहतर से बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा मिले। बता दें कि यह मेला कर्मपुरा स्थित निगम विद्यालय में आयोजित हुआ। महापौर महेश कुमार ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर करोलबाग वार्ड समिति के अध्यक्ष राकेश जोशी व शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर महेश कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्कूली छात्रों के बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों से बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

### शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो समाज को आगे ले जा सकता है

महापौर महेश कुमार ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो समाज को आगे ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस विज्ञान मेले में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे विद्यार्थी कितने प्रतिभावान हैं और वो आगे चलकर निगम विद्यालयों और हमारे देश का नाम रोशन करेंगे। वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में करोल बाग वार्ड के स्कूलों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। महापौर महेश कुमार ने वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

### शिक्षा एक सफल विद्यार्थी के लिए एक जरूरी बुनियाद

महापौर ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा एक सफल विद्यार्थी के लिए एक जरूरी बुनियाद है। निगम के शिक्षक छात्रों को अपनी कड़ी मेहनत के द्वारा हमारी संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम में आप सरकार कि पहली प्राथमिकता शिक्षा है और हमारा यह प्रयास है कि निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर से बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा मिले।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 38 दिनांक 10/02/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना HSIIDC BARHI जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- रक्षा ।
पति का नाम निर्दोष ।
पता - वासी सरसई थाना राठ यिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार गावं बड़ी जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- 35 वर्ष।
कद- 4 फुट 8 इन्च ।
हुलियाः रंग गेहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला फुर्तिला शरीर। दाहिने हाथ पर सुरमे से NS लिखा हुआ हैं।
पहनावाः सुट सलवार व पैरो मे सैंन्डल पहने हुए।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 08/02/2025 को रक्षा पत्नी निर्दोष वासी सरसई थाना राठ जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार गावं बड़ी जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कही चला गयी हैं। जो अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना-7419410541**
**अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8168240834**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100**

हस्ता/-
**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।,**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/3127/2025/32428/88/7 दि. 19.02.2025

नई दिल्ली
गुरुवार, 20 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 312
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 25.0
न्यून. 12.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,939.18 | 28.21 ▼ |
| निफ्टी | 22,932.90 | 12.40 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 89,400 /- | 900/- ▲ |
| चांदी | 99,600/- | 600/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.96 | --- |
| क्रूड ऑयल | 76.33/ बैरल | 0.65% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### सरकारी सूत्रों ने कहा, अमेरिका से लौटे 333 भारतीयों में से सबसे ज्यादा 126 पंजाब के रहने वाले हैं

# अमेरिका से लौटे सर्वाधिक अवैध प्रवासी पंजाब से थे, इसलिए अमृतसर में उतरे विमान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका में लौट रहे अवैध भारतीय प्रवासियों के विमानों की अमृतसर में की जा रही लैंडिंग को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा की जा रही मोदी सरकार की आलोचना का बुधवार को केंद्र की तरफ से जवाब दिया गया है। जिसमें यह कहा गया कि अमेरिका से बीते 5 फरवरी से लेकर अब तक लौटी कुल तीन उड़ानों में स्वदेश पहुंचे 333 भारतीयों में से सबसे ज्यादा 126 पंजाब (38 फीसदी) के रहने वाले थे। इसलिए अमेरिका के सैन्य विमानों की अमृतसर में लैंडिंग कराई गई। इसके बाद दूसरे स्थान पर हरियाणा के 110 लोग (33 फीसदी) थे, जो अमेरिका में अवैध ढंग से प्रवेश के मामले में भारत वापस लौटे हैं। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय की देश वापसी की यह पूरी प्रक्रिया अमेरिका की नीति के तहत की गई है। जो वर्ष 2012 से लागू है और उसके बाद से लेकर अब तक उसमें कोई परिवर्तन नहीं आया है।

### पूर्व राष्ट्रपति बाइडन ने भी अपनाई यही नीति

सूत्रों ने बताया कि अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने के मामले में अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। पूर्व में राष्ट्रपति जो.बाइडन के कार्यकाल में वर्ष 2020 से 2024 तक भारत लौटे निर्वासितों की सभी 23 फ्लाइट्स अमृतसर में ही लैंड कराई गई थीं। अब डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में इस नीति में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। यहां बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मामले को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा था कि अमृतसर में अवैध प्रवासियों की सभी फ्लाइट्स को लैंड करने के पीछे राज्य को बदनाम करने की साजिश है।



### 333 में सबसे ज्यादा 262 पुरुष

बीते 5, 15 और 16 फरवरी को अमेरिका से आई तीन उड़ानों में भारत पहुंचे 333 लोगों में सबसे ज्यादा 262 पुरुष, 42 महिलाएं और 29 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा गुजरात से 74, उत्तर प्रदेश से 8, महाराष्ट्र से 5, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान और गोवा से क्रमशः दो-दो लोग और जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड से क्रमशः एक-एक भारतीय शामिल है। 5 फरवरी को अमृतसर लैंड हुई पहली फ्लाइट में पंजाब के 30 लोग थे। इसके बाद 15 फरवरी को दूसरी फ्लाइट में राज्य के 65 लोग थे। जबकि तीसरी और अंतिम फ्लाइट में भी पंजाब के लोगों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई।

### अमेरिका ने नहीं तोड़ी एसओपीः जयशंकर

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मामले पर विपक्ष के विरोध के बीच संसद में दिए अपने एक पूर्व बयान में कहा था कि अमेरिका से लौटते वक्त भारतीयों के साथ गलत व्यवहार न हो। इसके लिए केंद्र सरकार, अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि अवैध प्रवासियों को लौटाने की यह प्रक्रिया नई नहीं है। अमेरिका में गलत तरीके से प्रवेश के मामले में पकड़े गए लोगों के साथ पूर्व में तय की गई एसओपी के तहत ही वर्तमान में व्यवहार किया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में जंजीरें बंधी हुई नहीं थीं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सीईसी ज्ञानेश कुमार ने संभाला पदभार



**नई दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। वे मार्च 2024 से निर्वाचन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और सोमवार को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद ज्ञानेश को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अक्षय कुमार के नए गाने 'महाकाल चलो' का विरोध



**उज्जैन।** फिल्म एक्टर अक्षय कुमार का नया गाना 'महाकाल चलो' रिलीज होने के बाद से मुश्किल में फंस गया है। अक्षय के इस गाने का बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में ही विरोध शुरू हो गया है। गाने के कुछ सीन पर आपत्ति जताई है। महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने अभिनेता के गाने के कुछ दृश्य पर घोर आपत्ति जताई है।

### गूगल ने भारत में शुरू किया सबसे बड़ा कैंपस



**नई दिल्ली।** गूगल ने बुधवार को भारत में अपने सबसे बड़े कैंपस से पर्दा उठा दिया है। इस कैंपस का नाम अनंत है, जो दुनिया भर में मौजूद गूगल के सबसे बड़े कैंपस में से एक है। ये कैंपल बेंगलुरू के महादेवपुरा में स्थित है। गूगल के 'अनंत' में 5000 लोगों के बैठने की जगह मौजूद है। इसे बनाने में गूगल ने लोकल मैटेरियल का इस्तेमाल किया है।

### रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण आज, छह मंत्री भी सरकार में होंगे शामिल

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री विधायक दल की बैठक में लगी मुहर

*पीएम मोदी और आरएसएस की पसंद के चलते अन्य दावेदारों पर भारी पड़ी रेखा, शालीमार बाग से पहली बार विधायक निर्वाचित हुई हैं दिल्ली की भावी सीएम, मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में आखिरी दिन पीछे रह गये प्रवेश वर्मा*

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। आज बृहस्पतिवार दोपहर साढ़े बारह बजे वे अपने मंत्रिमंडल के साथ रामलीला मैदान में शपथ लेंगी। इससे पहले रेखा गुप्ता को बुधवार शाम को दिल्ली भाजपा कार्यालय में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय और विजेन्द्र गुप्ता ने बैठक में रखा, जिससे कई अन्य विधायकों द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ भी मौजूद थे। बुधवार सुबह से ही मुख्यमंत्री के नाम को लेकर तमाम कयास लगाये जा रहे थे। रेखा गुप्ता पार्टी संगठन में अपने अनुभव और दिल्ली नगर निगम में अपनी कार्यदक्षता के बल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पसंद बनी। आरएसएस की तरफ से भी उनके नाम पर सहमति जतायी गई। दोपहर को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच बैठक हुई और विधायक दल की शाम को होने वाली बैठक की रणनीति तय की गई।

**सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद दिल्ली की चौथी सीएम बनेंगी रेखा**

### उपमुख्यमंत्री का नहीं हुआ ऐलान

विधायक दल की बैठक में उपमुख्यमंत्री को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं आया। चर्चा थी कि अगर प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया तो वे उपमुख्यमंत्री बनाये जा सकते हैं। फिलहाल बताया यहीं जा रहा है कि बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री और छह मंत्री शपथ लेंगे, कोई उपमुख्यमंत्री होगा या नहीं इस पर पार्टी की तरफ से कोई बयान नहीं आया है।



### मोदी और आरएसएस दोनों की पहली पसंद बनी रेखा गुप्ता

शालीमार बाग विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनी रेखा गुप्ता के नाम पर सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुहर लगाई। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आरएसएस में भी मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता पहली पसंद थी। संघ से जुड़ी पारिवारिक पृष्ठभूमि के अलावा विद्यार्थी परिषद से लंबे जुड़ाव के चलते भी रेखा गुप्ता अन्य दावेदारों पर भारी पड़ी। निगम पार्षद के तौर पर उनके कार्यकाल को भी पार्टी ने सराहनीय माना।

### कौन बनेगा मंत्री

अब सबकी नजर इस बात पर है कि मंत्री कौन-कौन विधायक बनेंगे। सूत्रों का कहना है कि रेखा गुप्ता सरकार की बागडोर संभालेंगी और ऐसे में अब मंत्रिमंडल में किसी महिला विधायक को शामिल करने की संभावना नहीं है। मंत्री बनने की दौड़ में प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इंद्रराज, आशीष सूद, कैलाश गहलोट, अभय वर्मा, रविंद्र सिंह नेगी और अनिल शर्मा फिलहाल आगे बताये जा रहे हैं।

### भाजपा की महिलाओं से सीधे संपर्क की रणनीति

*भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर दिल्ली की महिलाओं को एक बड़ा संदेश देना चाहती है। शीला दीक्षित के लंबे कार्यकाल में उनके अजेय बने रहने के पीछे महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका मानी जाती रही है। आप ने भी केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफे के बाद आतिशी पर दांव खेला था। अब भाजपा भी उसी रास्ते पर चली है। अभी तक भाजपा शासित राज्यों में कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। पार्टी ने इस लीक को तोड़ते हुए रेखा को दिल्ली सरकार की बागडोर थमाने का फैसला लिया है। उच्च शिक्षा प्राप्त रेखा गुप्ता का दिल्ली की राजनीति से लंबा जुड़ाव रहा है।*

### भारत का नेतृत्व करेंगे जयशंकर

# जोहान्सबर्ग में होगी जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर गुरुवार से दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वहां पर जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भारत का नेतृत्व एस. जयशंकर करेंगे। इस वर्ष दक्षिण-अफ्रीका जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण बैठक उसकी मेजबानी में आयोजित की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत के विदेश मंत्री का यह दौरा 20 से 21 फरवरी तक होगा। जिसके लिए उन्हें दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और सहयोग मंत्री रोनाल्ड लमोला ने आमंत्रित किया है। बैठक से इतर विदेश मंत्री की समूह के कुछ देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक हो सकती हैं।



### 1999 में हुई जी-20 की स्थापना

गौरतलब है कि जी-20 की स्थापना वर्ष 1997-98 के एशियाई वित्तीय संकट के ठीक अगले साल 1999 में की गई थी। शुरुआत में इसका ढांचा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक, वित्तीय स्थिरता पर चर्चा करने के लिए महत्वपूर्ण औद्योगिक और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों के विचार-विमर्श के लिए एक जरूरी वैश्विक मंच के रूप में था। लेकिन बाद में समूह ने अपने एजेंडे में परिवर्तन करते हुए व्यापार और आर्थिक मुद्दों के अलावा जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण के साथ ही भ्रष्टाचार विरोधी विषयों को भी शामिल कर लिया।

### समूह में शामिल दुनिया की दो-तिहाई आबादी

जी-20 में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं माने जाने वाले 19 देश और यूरोपीय तथा अफ्रीकी संघ शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में समूह का योगदान 85 फीसदी और व्यापार में 75 फीसदी है। जी-20 के 19 देशों में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, कनाडा, ब्राजील, फ्रांस, भारत, इटली, अर्जेंटीना, जापान, कोरिया गणराज्य, रूस, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की और ब्रिटेन शामिल हैं।

**जी-20 के साथ मजबूत होगी भागीदारी**

मंत्रालय ने कहा कि एस.जयशंकर की इस जोहांसबर्ग यात्रा से भारत के जी-20 समूह देशों के साथ भारत की भागीदारी को मजबूती मिलेगी। साथ ही इस महत्वपूर्ण मंच पर वैश्विक दक्षिण की आवाज भी सशक्त होगी।

### एसबीआई के शोध में दावा

## चालू वित्त वर्ष 24-25 में जीडीपी वृद्धि 6.3% रहने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने एक शोध में यह बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार, 36 उच्च आवृत्ति संकेतकों का लाभ मिलने के कारण चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अनुमानित जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत से 6.3 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, स्वस्थ ग्रामीण अर्थव्यवस्था स्थिरता को मजबूत कर रही है और अन्य क्षेत्रों में गति बनाए रख रही है। मौजूदा घरेलू मुद्रास्फीति में मंदी उच्च विवेकाधीन खर्च को प्रोत्साहित और मांग-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देती है।




## एशिया आर्थिक संवाद के नौवें संस्करण की आज से पुणे में होगी शुरुआत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

एशिया आर्थिक संवाद-2025 (एईडी) के नौवें संस्करण की गुरुवार से महाराष्ट्र के पुणे में शुरुआत होगी। इस वर्ष यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा जो 20 से 22 फरवरी तक चलेगा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि एईडी में परंपरागत भू-अर्थशास्त्र, कृत्रिम मेधा (एआई), ऑटोमेशन और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर चर्चा की जाएगी। एईडी-25 राजनीतिक नेताओं और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके लिए देश-विदेश से विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविद, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ भावी एजेंडे के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। एईडी विदेश मंत्रालय का भू-अर्थशास्त्र पर वार्षिक फ्लैगशिप 1.5 संवाद का हिस्सा है। पुणे अंतरराष्ट्रीय ⏩ शेष पेज 5 पर

दोनों देशों के बीच बुधवार को कुआलालंपुर में हुई रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक में लिया गया निर्णय।

## भारत-मलेशिया के बीच रक्षा और बहुपक्षीय मामलों में बढ़ेगा सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और मलेशिया के बीच बुधवार को कुआलालंपुर में 13वीं रक्षा सहयोग समिति (एमआईडीसीओएम) की बैठक हुई। जिसमें रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय मामलों और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई। साथ ही दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में भारत और मलेशिया के सशस्त्र बलों के नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग पर प्रसन्नता जाहिर की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लुकमान हकीम बिन अली ने एमआईडीसीओएम की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों की ⏩ शेष पेज 5 पर



### समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने को बनेगा समूह

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संबंधों और वर्तमान आपसी सहयोग को गहराई प्रदान करने के तरीकों की भी पहचान की जाएगी। साथ ही दोनों समुद्री सुरक्षा से जुड़े गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए संयुक्त समूह बनाने पर सहमत हुए। व्यापक ⏩ शेष पेज 5 पर

### सीबीएसई अध्यक्ष और मंत्रालय के अधिकारियों की हुई बैठक

## साल में दो बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर विचार सुझावों के लिए मसौदा 24 को होगा सार्वजनिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत विद्यार्थियों को परीक्षाओं के तनाव से दूर करने के मकसद से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव का फैसला किया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं साल में दो बार होगी। खास बात यह है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा का मसौदा सुझावों के लिए परीक्षा का मसौदा सुझावों के लिए शिक्षकों, छात्रों, शिक्षाविदों से सुझायों के सार्वजनिक किया जाएगा। इसमें मिले सुझावों पर आगे की रूपरेखा तय ⏩ शेष पेज 5 पर




### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया अहम कदम

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर लिखा है कि छात्रों के लिए तनाव मुक्त शिक्षण वातावरण बनाना सरकार का एक महत्वपूर्ण फोकस रहा है। परीक्षा सुधार और सुधार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसे एक कदम आगे बढ़ाते हुए, वर्ष में दो बार सीबीएसई परीक्षा आयोजित करने पर ⏩ शेष पेज 5 पर

### बेहतर परफॉर्मेंस वाले प्रभारियों को बड़ी जिम्मेदारियां दी जाएंगी

परफार्म नहीं कर पाएंगे उनकी विदाई तय कर दी जाएगी

## महासचिवों और प्रभारियों को खड़गे की दो टूक, परफॉर्म करो, जिम्मेदारी निभाओ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्य के प्रभारियों और प्रभारी महासचिवों को पहली ही बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने साफ कर दिया है, अगर जिम्मेदारी संगठन ने दी है तो जिम्मेदारी तय भी होगी। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले प्रभारियों को बडी जिम्मेदारियां दी जाएगी। जो परफार्म नहीं कर पायेंगे उनकी विदाई तय कर दी जाएगी। ऐसा पहले भी होता आया है लेकिन ये पहली बार है जब पार्टी अध्यक्ष ने सख्त नियम की जद में एक साथ सभी को समान रूप से रखा है। ⏩ शेष पेज 5 पर

### सीईसी की नियुक्ति पैनल से जस्टिस की विदाई ठीक नहीं




खडगे ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति पैनल से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का नाम हटाकर सरकार की तरफ से ही दो नेता प्रतिनिधित्व करेंगे तो विपक्ष के नेता का नाम पैनल में शामिल करने का कोई मतलब नहीं रह जाता, इसका विरोध हम सुप्रीम कोर्ट में जमकर करने वाले हैं। केंद्र सरकार के इस रवैये को नीचे तक आम जन तक ले जाने का मंत्र खडगे ने दिया।

### पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा फेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा में भारतीयों के व्यापारिक हित साधने में कथित रूप से पूरी तरह विफल करार दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में इतना टैक्स लगा दिया जा रहा है कि व्यापार करना मुश्किल हो रहा है। भारतीय व्यापारियों को घाटे का बिजनेस करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। खडगे ने कहा कि हमारी सरकार चुपचाप अमेरिका के भारत के प्रति एंटी बिजनेस पॉलिसी के खिलाफ कुछ भी विरोध करने में पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में गैर कानूनी रूप से घुसे भारतीयों को अपराधियों की तरह बेडियों में जकडकर भारत भेजा जा रहा ⏩ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### लूट के प्रयास के मामले में आरोपी गिरफ्त



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने आरोपी अफरीद उर्फ अब्बल गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में बताया कि आरोपी अफरीद उर्फ अब्बल गांव सिंगार नूंह हाल प्रेम नगर झग्गी बाईपास रोड सेक्टर-17 का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2018 में थाना सेंट्रल फरीदाबाद में एक व्यक्ति की अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या करने का मामला दर्ज था, जिसमें वह माननीय अदालत से जमानत पर आया हुआ था।

### पत्नी का चाचा बनकर की साइबर ठगी




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाज ने युवक की पत्नी का चाचा बनकर मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर युवक से हजारों की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में भोंडसी के विजेन्द्र सिंह ने कहा कि बीती 16 फरवरी को उसके पास एक कॉल आई। कॉलर ने विजेंद्र से कहा कि वह उसकी पत्नी का चाचा बोल रहा है।

### लीजेंड्स राइड में दिल्ली की विरासत का मिलन




**गुरुग्राम।** ट्रायंफ बाइक ने दिल्ली एनसीआर में अपनी पहली लीजेंड्स राइड आयोजित की। जिसमें 50 से अधिक उत्साही राइडर्स और ट्रायंफ मोटरसाइकिलों की एक अनूठा लाइनअप शामिल हुई। राइड में मॉडर्न क्लासिक्स से लेकर स्ट्रीट टूरर्स और लंबी दूरी की एडवेंचर बाइक्स तक हर श्रेणी में शामिल हैं। यह राइड ट्रायम्फ राइडर कम्युनिटी को परिभाषित करने वाले सौहाद्र और मोटरसाइकिलिंग के सिद्धांतों का प्रमाण थी।

# दूधेश्वरनाथ मंदिर में फागुन महाशिवरात्रि महोत्सव 25 व 26 फरवरी को

**समिति के सदस्यों द्वारा भगवान शिव को 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर में 25 व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मंदिर के महंत व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के व श्रीमहन्त गौरी गिरि दूधेश्वर नाथ श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी की अध्यक्षता में होगा। महंत नारायण गिरी ने बताया कि दूधेश्वर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग उपाध्यक्ष अनुज गर्ग, दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल समस्त दूधेश्वर स्वयंसेवको द्वारा मन्दिर परिसर में देश के विभिन्न राज्यो से दिल्ली, कलकत्ता, बेंगलुरु, जयपुर, हरियाणा, वृन्दावन मथुरा के विभिन्न प्रकार के पुष्पों से मंदिर परिसर भगवान दूधेश्वर का फूल बंगला बनाया जाएगा एवं रंग विरंगी लाइटो से मंदिर बहुत भव्य रूप से सजाया जाएगा।



**रात्रि 12 बजे शुरू होगा भगवान शिव का जलाभिषेक**

उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को रात्री 9 बजे भगवान देवधिदेव महादेव बाबा की शिव बारत दूधेश्वर चौक (जस्सी पुरा) से शिव बारात ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते निकाली जाएगी। जो कि दूधेश्वर मंदिर मे रात्री 11:30 बजे पहुचेंगी। इसके बाद भगवान शिव माता पार्वती का जयमाला होगी 25/26 की रात्री 12 बजे पूज्य गुरुदेव श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज भगवान दूधेश्वर का प्रथम अभिषेक करेंगे



तत्पश्चात भक्तो का जलाभिषेक प्रारंभ होगा। मंदिर के मुख्य द्वार पर भगवान शिव का जागरण पूज्य गुरुदेव के करकमलो द्वारा ज्योति प्रचंड करके होगा, प्रातःकाल श्रृंगार आरती 3:30 से 4:30 तक चलेगा भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार मोहित जी एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा होगा। सायंकाल भगवान दूधेश्वर का श्रृंगार 5:45 से 7 बजे तक श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल एवं समस्त समिति के सदस्यों द्वारा होगा प्रथम भोग प्रसाद 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग धर्मपाल गर्ग के द्वारा भगवान दूधेश्वर को अर्पित किया जायेगा।

**कार्यक्रम पर एक नजर**

- प्रथम प्रहर प्रातःकाल 6 बजे.से 7:30 बजे.तक
- द्वितीय प्रहर 8 बजे से 9:30 बजे तक
- तृतीय प्रहर 10 बजे.से.11:30 बजे तक
- चतुर्थ प्रहर 12 बजे.से 1:30 बजे तक
- पंचम प्रहर 2 बजे से 3:30 बजे.तक
- षष्ठ प्रहर 4 बजे से 5:30 बजे.तक
- सप्तम प्रहर 8 बजे.से 10 बजे.तक
- अष्टम प्रहर 10 बजे.से 12 बजे.तक होगा जोकि श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के आचार्य एवं विद्यार्थियों द्वारा होगा ।

### ब्रेडी नृत्य से पर्यटकों का मन मोह रहे बुंदेली आंचल कलाकार

# 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में देखने को मिल रहा लोक कला का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इन दिनों 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में बुंदेली आंचल का प्रसिद्ध लोक नृत्य ब्रेडी यहां आने वाले पर्यटकों के दिलों पर छा गया है। परंपराए भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम प्रस्तुत करता यह नृत्य, दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में सफल साबित हो रहा है। श्रीकृष्ण की ग्वालों के साथ मनमोहक लीलाओं को जीवंत करता यह नृत्य, लोकसंस्कृति की समृद्धि का प्रतीक बन रहा है। ब्रेडी नृत्य बुंदेलखंड की समृद्ध लोकनृत्य परंपरा का अभिन्न अंग है।

इसे विशेष रूप से धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में प्रस्तुत किया जाता है। इसमें नर्तक कृष्ण रूप धारण कर अपने ग्वाल-बालों के साथ नृत्य करते हैं, जिससे दर्शकों को भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की झलक देखने को मिलती है। सूरजकुंड मेले में यह नृत्य देखकर लोगों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कलाकारों का कहना है कि सरकार द्वारा दिए गए इस मंच ने उनकी कला को नई पहचान दी है और लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रस्तुति के दौरान जैसे ही कलाकारों ने श्रीकृष्ण की ग्वालों संग लीलाएं प्रस्तुत कीं, वैसे ही दर्शकों ने भाव-विभोर होकर तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। कई दर्शकों ने इस अद्भुत लोककला की प्रशंसा करते हुए इसे भारतीय संस्कृति का गौरव बताया।

**शिल्पकार अपनी कलाओं के माध्यम से पर्यटकों से रुबरू हुए**

इस प्रस्तुति के माध्यम से बुंदेली संस्कृति को एक अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। लोक कलाकारों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी परंपराएं और समृद्ध होंगी, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहेंगी। सूरजकुंड मेले में ऐसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारत की विविधता और कला की अनूठी छटा देखने को मिलती है। बुंदेलखंड के ब्रेडी नृत्य की प्रस्तुति न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा को भी जीवंत करती है। इस बार थीम स्टेट के रूप में मध्यप्रदेश और ओडिशा राज्य हैं। दोनों राज्यों सहित अन्य राज्यों के कलाकारए बुनकर और शिल्पकार अपनी कलाओं के माध्यम से पर्यटकों से रूबरू हो रहे हैं।




**काला-काला करै गुजरी की मस्त ताल पर थिरके लोग**

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में कैथल के रामनाथ अपनी सारंगी की मधुर धुन पर पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और युवाओं को नाचने पर मजबूर कर देते हैं। रामनाथ हरियाणवी संस्कृति से जुड़े लोकगीतों को गाते हुए और सारंगी को बजाते हुए मस्त हो जाते हैं। उनकी इस जुगलबंदी पर लोग थिरकने पर मजबूर हो जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्त शिल्प मेले में हरियाणवी लोकगीत काला काला करे गुजरी मत काले का जिक्र करें काले रंग पे मोरनी रुदन करें, हीर रांझा, मीरा इत्यादि ऐतिहासिक कहानियों से जुड़े लोकगीतों की प्रस्तुति देकर रामनाथ लोगों को अपनी आकर्षित करते हैं। रामनाथ जिला कैथल के ठिठाना गांव के रहने वाले हैं और उन्होंने बताया कि वह जब 20 साल के थे तब से इस सूरजकुंड मेले में सारंगी बजाने का काम करते हैं और अपनी लोक कला को जीवित रखने का काम कर रहे हैं। सारंगी वादक रामनाथ को यह कला पारंपरिक तौर पर अपने पिता से मिली है। और ग्रामीण स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में हीर रांझे व मीराबाई से जुड़े लोकगीतों को वह गाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वर्ष अब 60 वर्ष हो चुकी है ।

**गजेन्द्र फौगाट के गीतों पर खूब झूमें दर्शक**

**फरीदाबाद।** शिल्प मेले में बड़ी चौपाल पर हरियाणवी कलाकार गजेंद्र फौगाट ने हरियाणवी, पंजाबी और हिंदी गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। गजेंद्र फौगाट द्वारा गाए बेहतरीन गीतों पर दर्शक अपने आपको झूमन से रोक नहीं पाए। हरियाणा पर्यटन निगम और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सूरजकूंड मेला परिसर में देश-विदेशों के कलाकारों द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुतियों का दौर निरंतर जारी है। इसी कड़ी में बड़ी चौपाल के मंच से शाम के समय हरियाणवी कलाकार गजेंद्र फौगाट ने अपनी बेहतरीन आवाज से खूब रंग जमाया। विख्यात कलाकार गजेंद्र फौगाट के द्वारा तन्ने कोन कहवे बहू काले की, बेबी मेरे बडे पर तुम क्या दिलवाओ गे, उड़ जईये रे कबूतर उड़ जईये रे, मेरा नौ दांडी का बिजणा आदि गीतों से हरियाणवी बोली से समा बांधा।

**मां, शिक्षक और गुरु ही कर सकते हैं बच्चे का व्यक्तित्व विकास**

# देश को चाहिए शिवाजी जैसा महापुरुषः डॉ. गदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मां, शिक्षक और गुरु ही एक बच्चे के व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं और छत्रपति शिवाजी महाराज इसका एक उदाहरण हैं। शिवाजी को छत्रपति शिवाजी बनाने वाले उनकी मां, चाचा और गुरु थे। राजस्थान के महाराणा सांगा परिवार से संबद्ध सिसोदिया वंश के शिवाजी जैसा निर्भीक योद्धा, कुशल प्रशासक, साम्प्रदायिक सौहार्द्र का प्रणेता आज तक कोई नहीं हुआ। उनके आदर्शों पर चलकर नौजवान देश व समाज के प्रति अपना जीवन सार्थक रूप से समर्पित कर सकते हैं। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह में इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने ये विचार



व्यक्त किए। उन्होंने शिवाजी की जीवनी के कुछ प्रेरणादायक प्रमुख अंश विद्यार्थियों को सुनाए और बताया कि विश्व में गुरिल्ला युद्ध शिवाजी की देन है। शिवाजी ने अपने कम योद्धाओं के बावजूद दुश्मनों की बड़ी सेना के दांत खट्टे किये। डॉ. गदिया ने कहा कि समय, काल और परिस्थिति के अनुसार हमें अपने तौर तरीके बदलने होंगे। यह शिवाजी ने सिखाया। शिवाजी के पास जांबाज सेनापति थे, जो बहुत विश्वासी थे। इसी वजह से शिवाजी ने हर मोर्चे पर दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया।

**धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी जयंती**

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती बीके चौक (माता जी चौक) पर धूमधाम से मनाई गई। मंडल के कार्यकर्ताओं ने राजमाता जीजाबाई एवं बाल छत्रपति शिवाजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं पूजा अर्चना की। मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल ने बताया कि शिवाजी महाराज के बारे में बताते हुए यह कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1627 को मराठा परिवार में शिवनेरी महाराष्ट्र में हुआ था। शिवाजी के पिता का नाम शाहजी एवं माता का नाम जीजाबाई था। वे बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्यवीर और दयालु शासक थे, इसीलिए उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता- सेनानी स्वीकार किया जाता है। इसी तरह शिवाजी महाराज अपने जीवन काल में एक से एक युद्ध जीते और मराठा साम्राज्य स्थापित करते गए, परन्तु छत्रपति शिवाजी महाराज का 3 अप्रैल 1680 ई में तीन सप्ताह की बीमारी के बाद रायगढ़ में स्वर्गवास हो गया और मराठा साम्राज्य में अपना महाराज खो दिया परन्तु उनकी स्वराज्य की भावना आगे मराठा शासको में एक प्रेरणा बनी।

**फावड़ा, लोहे की रॉड व सब्बल बरामद**

# रुपए हड़पने के लिए दोस्त की हत्या कर शव को गड्ढे में दबाने वाला गिरफ्तार, तीन साथी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

रुपए हड़पने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर दोस्त की लोहे को रॉड व सब्बल से हत्या कर शव को गड्ढे में दबा देने के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त खून से सनी लोहे की लोहे की राड/सब्बल व एक फावड़ा (जिस पर मिट्टी लगी हुई है) कुल आठ हजार रुपए बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी राजीव गार्डन संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर निवासी अंकित पांचाल है।

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18 फरवरी को दीपक नामक व्यक्ति की हत्या कर शव को घर के कमरे में गड्ढा खोदकर दबा दिया गया था। इस संबंध में दीपक की पत्नी में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें अंकित को नामजद कराया था। पुलिस ने अंकित को लालबाग इलाके से गिरफ्तार कर लिया। अंकित ने पूछताछ में बताया कि दीपक हमारे घर के पास में ही रहता था। उससे मेरी दोस्ती थी।

**आरोपी ने शव को घर के कमरे में गड्ढा खोदकर दबा दिया**

हम दोनों साथ-साथ मकान की छतो में पीवीसी फाल सिलिंग बनाने का काम करते थे। दीपक ने अपने पास करीब 5 से 6 लाख रूपया इकट्ठा कर लिया था। इस बात की मुझे जानकारी हो गई थी तब मैंने अपने दोस्त के साथ दीपक के पैसे हड़पने की योजना बनाई। 17 फरवरी को दीपक मेरे घर पर आया था। उस समय मेरे पिताजी व भाई दोनों अपने काम पर गये थे। मैं अपने दोनों दोस्तों के साथ ऊपर वाले कमरे में बैठा था, दीपक ऊपर ही कमरें में आ गया था चूंकि हम तीनों को दीपक से पैसे हड़पने थे। जैसे ही दीपक कमरें में आया तो मेरे दोनों दोस्तो ने उसे पीछे से पकड़ लिया और मैंने उसका मोबाईल ले लिया और उससे उसका पासवर्ड पूछ लिया। फिर मैंने कमरे में रखी लोहे की राड व सब्बल से दीपक के पीछे सिर पर वार कर दिया जिससे वह मरण अवस्था में फर्श पर गिर गया और बेहोश होकर गिर गया था फिर हम तीनो ने दीपक को उठाकर सीढ़ियों से नीचे लाये और घर के नीचे बने कमरे के अंदर ले गए। कमरे में हमारा एक बेड रखा हैं हमने बेड खड़ा किया और फिर कमरे में लगी टायल को घर में रखे



फावड़े से तोड़ दिए। फिर मेरे दोनों दोस्त कमरे में गड्ढा खोदने लगे और मैं बाहर बाजार दुकान से कट्टे में नमक भरकर लेकर आया। तब तक मेरे दोनों दोस्तों ने गड्ढा खोद दिया था फिर हम तीनों ने दीपक को गड्ढे के अंदर डाल दिया और ऊपर से नमक डालकर मिट्टी भरकर दबा दिया। फिर बेड को उसी स्थान पर वापस रख दिया और दीपक का फोन दोस्त लेकर चला गया और उस फोन से हम लोगो ने दीपक के खाते से 40 हजार रुपए ऑनलाइन निकाले थे जिन्हें हम तीनो ने आपस में बराबर-बराबर बांट लिया था। जिसमें कुछ पैसे मैंने नशा पत्ते में खर्च कर लिये हैं।

# गौरक्षा दल ने तस्करों से 27 गोवंश को बरामद किया

**फरीदाबाद।** गोरक्षा दल ने एक बड़ी कार्रवाई में गो-तस्करों से गायों को बचाया। आईएमटी चौक पर की गई कार्रवाई में एक कैंटर से 27 गोवंश बरामद किए गए। इनमें से चार गोवंश मृत पाए गए। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार गोरक्षा दल सदस्य पुनीत वशिष्ठ को सूचना मिली थी कि मथुरा से मेवात की ओर एक कैंटर में गोवंश ले जाए जा रहे हैं। टीम ने केएमपी यमुना हाईवे पर निगरानी शुरू की। एक संदिग्ध कैंटर को रोकने का प्रयास किया गया। ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और रफ्तार बढ़ा दी। गोरक्षकों ने जब कैंटर का पीछा किया, तो तस्करों ने उन पर गोलियां चलाईं।

**बचाए गए गोवंश को गोशाला पहुंचाया-** कई किलोमीटर की दौड़ के बाद कैंटर दयालपुर रोड होते हुए आईएमटी चौक पहुंचा। तस्कर वाहन छोडक़र भाग निकले। पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

सभी बचाए गोवंशों को बल्लभगढ़ की ऊंचा गांव गोशाला में पहुंचाया गया। पुनीत वशिष्ठ ने बताया कि ई-साक्षी ऐप के जरिए सूचना देने में परेशानी आई। उन्होंने प्रशासन से ऐप के बेहतर संचालन और तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**शक के चलते हुआ था विवाद**

# पत्नी का हत्यारा शक्की पति गिरफ्तार चाकू व कांच की टूटी बोतल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना टीला मोर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि युवक की पत्नी उसको बिना बताएं घर से बाहर चली जाती थी। जिस पर वह शक करता था। इसी के चलते कल विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने गुस्से में आकर पत्नी के पेट पर चाकू से हमला किया था। पत्नी को घायल अवस्था में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी।

एसीपी ने बताया कि थाना टीलामोड़ पर आसिफ निवासी निकट हरि मस्जिद, कस्बा गुराना रोड बड़ौत जनपद बागपत ने लिखित तहरीर दी कि शमशाद निवासी ग्राम पसौंडा थाना टीलामोड़ जनपद गाजियाबाद ने मेरी बहन (अभियुक्त की पत्नी) को जान से मारने की नियत से पेट में चाकू व कांच की बोतल मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। जिसकी जीटीबी अस्पताल दिल्ली में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। के संबंध में थाना



टीलामोड़ पर धारा 103(1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। बुधवार को करन गेट गोल चक्कर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार अभियुक्त शमशाद ने पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि शमशाद की पत्नी बिना बताए घर से काफी दिनो के लिये कही चली जाती थी। शमशाद घर से बाहर जाने का कारण पूछने पर दोनो में झगड़ा हो जाता था। इसी बात को लेकर शमशाद ने अपनी पत्नी को जान से मारने की नियत से पेट में सब्जी काटने वाले चाकू व काँच की बोतल मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था ।

**अदालत में पेशकर जेल भेजा**

# 4 वर्ष से डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने डकैती के मामले में 4 साल से फरार चल रहे आरोपी मिजाज को बल्लभगढ़ बस स्टेण्ड से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मिजाज गांव जैमत पुन्हाना नूंह का रहने वाला है। आरोपी थाना सराय ख्वाजा के वर्ष 2021 के एक डकैती के मामले में वांछित था जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 5 मई 2021को सुबह 4 बजे पुराना पल्ला पुल बाईपास रोड के पास से एक आईसर कैंटर की चाबी, फोन, गाडी के कागजात, लाईसेंस व पर्स में 8000 रुपए छीन लिए तथा कैंटर



को लेकर फरार हो गए। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी मिजाज को अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने गिरफ्तार किया है आरोपी मामले में फरार चल रहा था तथा स्थान बदल बदल कर अपने आपको गिरफ्तारी से बचा रहा था, आरोपी को पुलिस पीओ बनाया गया था।

**तैयारी को लेकर हुई कार्यकारिणी बैठक**

# दिल्ली में होगा इलाहाबाद विवि पुराछात्र संघ का रजत जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) का रजत जयंती समारोह 22 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित होगा। यह निर्णय संस्था की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया है। समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षाप्राप्त राजनेता, अर्थशास्त्री, न्यायमूर्ति, उद्योगपति, शिक्षाविद, पत्रकार और ब्यूरेक्रेट्स हिस्सा लेंगे।

गौरतलब है कि अउआ (इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ) के गठन को 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर संस्था ने भव्य रजत जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। पहले तय किया गया था कि रजत जयंती



समारोह एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। लेकिन कार्यकारिणी की बैठक में यह आयोजन देश की राजधानी दिल्ली में करने का निर्णय लिया गया।

इस समारोह में 'त्रिपथगा' नाम की स्मारिका का विमोचन भी होगा, जिसमें अउआ के 25 साल की गतिविधियों की झलकियां और इलाहाबाद से शिक्षाप्राप्त मूर्धन्य विद्वानों के लेख व संस्मरण और काव्य रचनाएं प्रकाशित की गई हैं। अउआ की कार्यकारिणी बैठक में संस्था के अध्यक्ष पूर्व आईएएस एस के सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**आयोजन की तिथि 22 मार्च को प्रस्तावित की गई**

जिसमें महसचिव पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी, कोषाध्यक्ष उद्योगपति विकास शर्मा, उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता डीसी श्रीवास्तव, संगठन सचिव व औद्योगिक सलाहकार राहुल सक्सेना और वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य व नंदन मिश्रा आदि ने हिस्सा लिया। बैठक में एकमत से प्रस्ताव पास हुआ कि रजत जयंती समारोह दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तिथि 22 मार्च प्रस्तावित की गई है। आयोजन के लिये अउआ के पदाधिकारियों को उनकी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारियां देने का प्रस्ताव रखा गया।

**NOTICE**

**IN THE COURT OF HON'BLE P.B. NAIKWAD, MEMBER, M.A.C.T.-1, 4th Floor (G+9) Annex Building, Room 402, DISTRICT COURT, CIVIL LINES, NAGPUR.**

**C.P. No. 316/24**
**Process No. 643 F.F. 27/02/2025**

**Petitioner : Sandhya**
*-versus-*
**Respondent : Go Digit**

To,
**Somya Carrier, R/o Through its Prop. E- 299, Ground Floor, Block E Pallam Vihar, Gurgaon Haryana.**

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act

You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble P.B. NAIKWAD Member, M.A.C.T.-1, Nagpur,** in person or by a pleader duly instructed on Dated **27/02/2025,** At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Application will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **01st** day of **February, 2025.**

Seal
Registrar (Judl.)
M.A.C.T. Nagpur

Prasanna Publicity 9326927622

**NOTICE**

**IN THE COURT OF HON'BLE P.B. NAIKWAD MEMBER, M.A.C.T.- 1, 4th Floor (G+9) Annex Building Room 402, DISTRICT COURT, CIVIL LINES, NAGPUR.**

**C.P. No. 1183/23**
**Process No. 641 F.F. 27/02/2025**

**Petitioner: Vaishali**
*-versus-*
**Respondent : United**

To,
**Ram S/o Panchya Ram Prasad, R/o House No. 350, Ward No. 15, Village Shatpur Faridabad Haryana.**

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act

You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble P.B. NAIKWAD, Member, M.A.C.T.-1, Nagpur,** in person or by a pleader duly instructed on Dated **27/02/2025,** At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Application will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **01st** day of **February, 2025.**

Seal
Registrar (Judl.)
M.A.C.T. Nagpur

Prasanna Publicity 9326927622




## रामलीला मैदान में शपथ कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे हजारों लोग

# शपथ ग्रहण समारोह में पीएम सहित एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री भी होंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सभी केंद्रीय मंत्री, पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को रामलीला मैदान तक लाने ले जाने के लिए डीएम स्तर के अफसरों को प्रोटोकॉल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री सुबह करीब सवा 11 बजे के करीब रामलीला मैदान पहुंचेंगे, जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह शुरू होगा। एलजी वी.के. सक्सेना मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। हालांकि अभी मंत्रियों के नाम सामने नहीं आए हैं। सूत्रों का कहना है कि संभावित मंत्रियों को गुरुवार सुबह पार्टी की तरफ से फोन किया जाएगा।



### समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी भाजपा

भाजपा नेताओं के अनुसार 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। ऐसे में पार्टी शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। शपथ ग्रहण के दौरान उत्सव जैसा माहौल नजर आएगा। रामलीला मैदान और उसके आस-पास के 4-5 किमी के दायरे में बड़े-बड़े कटआउट, होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर, झालरें, झंडे लगाकर सजावट की जाएगी। ढोल-नगाड़ों के साथ नेताओं का स्वागत होगा।

### रामलीला मैदान में शपथ की तैयारियां पूरी

दिल्ली में शपथ ग्रहण को लेकर रामलीला मैदान में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। एसपीजी ने रामलीला मैदान को टेकओवर किया। दिल्ली के उपराज्यपाल मुख्यमंत्री को शपथ दिलवाएंगे। रामलीला मैदान में 30 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। तीन बड़े स्टेज बनाए गए हैं। मुख्य स्टेज पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, लेफ्टिनेंट गवर्नर और दिल्ली के मुख्यमंत्री बैठेंगे। दूसरे मंच पर धर्म गुरुओं को बैठने की जगह होगी। तीसरी मंच पर दिल्ली के मौजूदा सांसद और चुने हुए विधायक बैठेंगे। कल सुबह 11:15 पर यह कार्यक्रम शुरू होगा और 12:25 पर खत्म होगा। फिल्मी सितारों को भी जगह दी गई है।

### हरियाणा के जींद जिले की पैतृक निवासी हैं रेखा गुप्ता

50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 2007-09 के दौरान एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की दो साल तक अध्यक्ष रहीं। फिर दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं। 2010 में उन्हें भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। लेकिन इस दोनों ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लांकि, 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

### दिल्ली की सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री साबित होंगी रेखा गुप्ता : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रेखा गुप्ता को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वह दिल्ली की सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री साबित होंगी। बिधूड़ी ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए पार्टी हमेशा ही अग्रणी रही है और उसका यह एक और उदाहरण है। दिल्ली अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों की विकसित और खुशहाल राजधानी बनेगी।

### रेखा गुप्ता को अरविंद केजरीवाल और आतिशी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर भाजपा द्वारा रेखा गुप्ता के नाम का ऐलान के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कार्यवाहक सीएम आतिशी ने रेखा गुप्ता को बधाई दी है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बहुत बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूं कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वे पूरे करेंगी। दिल्ली की जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे। वहीं रेखा गुप्ता को आतिशी ने बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बधाई। यह खुशी की बात है कि दिल्ली का नेतृत्व एक महिला करेंगी। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली वालों को किए गए वादे पूरे होंगे। दिल्ली के विकास के लिए आम आदमी पार्टी का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

KAMAL INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AND ADVANCE TECHNOLOGY
(Affiliated with GGSIPU & Approved by AICTE)
REQUIRES
DIRECTOR
Kamal Institute invites applications for the post of Director. Candidates must have a PhD, a minimum of 15 years of work experience in higher education, and knowledge of AICTE and GGSIPU regulations.
Location:
K1 Extn., Mohan Garden, New Delhi - 110059
Pay Scale:
As per GGSIPU norms
Apply by:
28th February 2025
info@kamalinstitute.com

# नई सरकार के 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार, आज कैबिनेट की बैठक में लगेगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली में आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में होने वाली पहली कैबिनेट की बैठक में भाजपा सरकार के आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना पर मुहर लगेगी। गौरतलब है कि दिल्ली में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद ही 100 दिनों की कार्ययोजना बनाने के लिए मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागों को निर्देश दे दिया गया था। मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव प्रदीप तायल ने सभी विभागों को निर्देश दिया था कि 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार कर मंगलवार शाम साढ़े छह बजे तक मुख्य सचिव ऑफिस में सौंप दें। जिसके बाद सभी विभागों से 100 दिनों की कार्ययोजना की रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य सचिव का कार्यालय कैबिनेट नोट तैयार करने में जुटा हुआ है। सूत्रों के अनुसार भाजपा सरकार के 100 दिनों की कार्ययोजना विकसित दिल्ली संकल्प पत्र-2025 पर केंद्रित होगी। सूत्रों के अनुसार रामलीला मैदान में शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय पहुंचेगी, जहां पर पहली कैबिनेट बैठक होगी। आमतौर पहली कैबिनेट बैठक अनौपचारिक होती है, जिसमें मंत्रियों को उनके विभाग के बारे में जानकारी दी जाती है। इसके बाद शाम को ही कैबिनेट की पहली बैठक होगी जिसमें दिल्ली से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करके फैसला लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान भारत योजना को लागू करने के लिए कैबिनेट नोट तैयार किया गया है। वहीं कैबिनेट नोट में केंद्र सरकार की वो सभी योजनाएं जिन्हें अभी तक दिल्ली में क्रियान्वित नहीं किया गया है उन्हें शामिल किया गया है। वहीं दिल्ली कैबिनेट में मुख्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि विभागों को आगामी मानसून सीजन में बारिश से निपटने के लिए नालों की सफाई और गाद निकालने के लिए कदम उठाने चाहिए। साथ ही जलजमाव और बाढ़ की स्थिति को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

### रजनीश कुमार सिंह निभाएंगे सीएम के अतिरिक्त सचिव की जिम्मेदारी

दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के लिए रेखा गुप्ता के नाम का ऐलान कर दिया गया है। इसके साथ ही रजनीश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव प्रदीप तायल ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि रजनीश कुमार सिंह के अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय में उनके अधीन तैनात अन्य कर्मचारी अगले आदेश तक मुख्यमंत्री कार्यालय में पहले की तरह सेवाएं देंगे।

# हम एकजुट होकर दिल्ली के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे : चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने भाजपा विधायक दल की नेता चुने जाने पर रेखा गुप्ता को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि रेखा गुप्ता तीन बार पार्षद रह चुकी हैं और उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों से की थी। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और शहरी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया है। उनकी नेतृत्व क्षमता और जमीनी स्तर पर काम करने की प्रतिबद्धता ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया। चहल ने कहा कि भाजपा 27 वर्षों बाद दिल्ली की सत्ता में वापस आई है, और अब हम एकजुट होकर दिल्ली के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। चहल ने कहा कि अब दिल्ली के विकास के मार्ग में कोई रुकावट नहीं आएगी। हम सब मिलकर एक बेहतर, सुरक्षित और आत्मनिर्भर दिल्ली का निर्माण करेंगे, जो देश के समग्र विकास में अहम योगदान देगी। उन्होंने रेखा गुप्ता को एक बार फिर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। चहल ने कहा कि भाजपा विधायक दल की नेता चुने जाने पर रेखा गुप्ता की भूमिका दिल्ली में सुशासन और विकास के नए प्रतिमान स्थापित करेंगी।



### आप सरकार के कार्यकाल में दिल्ली की स्थिति हो गई थी दयनीय

चहल ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल की आप सरकार के कार्यकाल में दिल्ली की स्थिति दयनीय हो गई थी। भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और खोखले वादों से जनता त्रस्त हो चुकी थी। दिल्ली की जनता ने उनके प्रशासनिक मॉडल को पूरी तरह नकार दिया और एक सशक्त, जवाबदेह तथा विकास-परक सरकार को चुना है। भाजपा को मिला पूर्ण बहुमत जनता के इसी विश्वास को दर्शाता है। अब हम इस भरोसे को पूरी निष्ठा से सिद्ध करेंगे और दिल्ली को एक समृद्ध और आधुनिक राजधानी के रूप में विकसित करेंगे।

■ एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने दी रेखा गुप्ता को बधाई

### कौन हैं दिल्ली का सीएम पद संभालने जा रही रेखा गुप्ता


नई दिल्ली। दिल्ली में रेखा गुप्ता भाजपा की नई मुख्यमंत्री होंगी। शालीमार बाग से विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता 27 साल बाद भाजपा के सत्ता में आने पर इस पद को संभालेंगी। रेखा का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से पुराना नाता है। 2020 चुनावों में बंदना कुमारी से हारने के बाद इस बार उन्होंने करीब 29 हजार वोटों से जीत दर्ज की। जानकारी के अनुसार बुधवार को भाजपा विधायक दल ने रेखा गुप्ता को अपना नेता चुना है। रेखा गुप्ता के पार्टी के भीतर जमीनी स्तर पर उनकी सक्रियता और संगठनात्मक कौशल के लिए पहचाना जाता है। रेखा अब भाजपा शासित 21 राज्यों में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री होंगी। पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हरियाणा के जींद की मूल निवासी गुप्ता छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रही हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता ने मेरठ से कानून की पढ़ाई की है। उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से पुराना नाता रहा है। उत्तरी दिल्ली की महापौर रह चुकी गुप्ता के पास प्रशासनिक अनुभव है। वह भाजपा की महिला मोर्चा की प्रभावशाली नेता रही हैं। वह वर्तमान में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य हैं।



पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर
@DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @delhi.police_official @DelhiPoliceofficial delhipolice.nic.in
तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547

आज के दौर में मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जैसे गैजेट्स पर बढ़ती निर्भरता के कारण हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ता जा रहा है। इसका सीधा असर हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। नतीजा, कई तरह की बीमारियों के चंगुल में हम फंसते जा रहे हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें, इस बारे में बहुत जरूरी सुझाव।

# कई बीमारियों की वजह बढ़ता स्क्रीन टाइम



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. हर्षल साल्वे
एडिशनल प्रोफेसर-सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, दिल्ली

चाहे ऑफिस से जुड़ा काम-काज हो या करनी हो स्टडी, ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो या फिर अपनों के साथ चैटिंग, ऐसी अनेक एक्टिविटीज की वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ता जा रहा है। यह सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होता है। इसकी वजह से लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं घेरने लगती हैं। इनके बारे में जरूर पता होना चाहिए, ताकि इनसे बचाव किया जा सके।

## सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस

कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ लगातार घंटों काम करते समय अधिकतर लोगों को अपने सही पोस्चर का ध्यान नहीं रहता। टाइपिंग करते समय अकसर लोगों की गर्दन झुक जाती है, इससे उनकी गर्दन और कंधे में दर्द की समस्या होने लगती है। अगर लंबे समय तक ध्यान न दिया जाए तो इससे सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या हो सकती है।

**बचाव के उपाय:** कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर टाइप



करते समय अपनी गर्दन सीधी रखें। लगातार बहुत देर तक काम न करें। हर एक घंटे के अंतराल पर बीच में उठकर पांच से दस मिनट का ब्रेक लें। इससे गर्दन में दर्द की समस्या नहीं होगी।

## ओवरवेट यानी ओबेसिटी

जो लोग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ ज्यादा वक्त बिताते हैं, उनकी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो जाती हैं। साथ ही काम के दौरान होने वाली बोरियत को दूर करने के लिए अधिकतर लोग बिस्किट, चॉकलेट, चिप्स, वेफर्स या जंक फूड्स जैसी अधिक कैलोरी वाली चीजों का सेवन करते हैं, इससे उनका वजन बढ़ जाता है और ओबेसिटी जैसी समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव के उपाय:** चाहे कितनी भी व्यस्तता हो, नियमित एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय जरूर निकालें। काम के दौरान अगर बीच में हल्की भूख लगे तो मंचिंग के लिए हाई कैलोरी वाले जंक फूड के बजाय फल, भुने चने और मुरमुरे जैसी चीजों का सेवन करें।

## पीठ और कमर में दर्द



कंप्यूटर या लैपटॉप पर टाइप करते हुए अधिकतर लोग अपनी पीठ और कमर के सही पोस्चर का भी ध्यान नहीं रखते हैं। इसी वजह से उनकी पीठ और कमर में दर्द की समस्या होती है। लगातार एक ही मुद्रा में बैठकर काम करना या पीठ को सीधी न रखना इस समस्या की बड़ी वजह है।

**बचाव के उपाय:** चाहे आप बेड पर बैठें या कुर्सी पर आपकी पीठ हमेशा सीधी होनी चाहिए। कुर्सी टेबल पर बैठकर काम करते समय तकिए या कुशन का सहारा लेना चाहिए। इससे पीठ और कमर में दर्द नहीं होगा।

## डायबिटीज-हाई ब्लडप्रेशर-कोलेस्ट्रॉल



स्क्रीन के साथ ज्यादा वक्त बिना किसी फिजिकल एक्टिविटी के बिताने वाले लोगों के शरीर में अतिरिक्त कैलोरी और फैट का संग्रह होने लगता है। इसी वजह से उनमें डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की आशंका भी बढ़ जाती है।

**बचाव के उपाय:** घी-तेल और चीनी से बने फूड आइटम्स से दूर रहें। नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय जरूर निकालें।

## कलाई और अंगुलियों में दर्द

आजकल लोग घंटों तक मोबाइल पर चैटिंग करते हैं या स्क्रीन स्क्रॉल करके रील्स देखते रहते हैं। इससे उन्हें अंगुलियों और कलाई में दर्द की समस्या भी होती है।

**बचाव के उपाय:** मोबाइल देखने के समय में कटौती करें, जहां तक संभव हो लोगों को टेक्स्ट मैसेज भेजने के बजाय वॉयस नोट भेजें।

## अनिद्रा की समस्या

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने और रील्स देखने की लत के कारण अधिकतर लोग देर रात तक जागते हैं, जिससे उनकी नींद पूरी नहीं होती। इससे उनमें चिड़चिड़ापन, थकान और आंखों में जलन जैसी समस्याएं भी होती हैं। नींद की कमी के कारण स्मरण शक्ति भी कमजोर पड़ने लगती है। पाचन संबंधी समस्याएं भी परेशान करती हैं।

**बचाव के उपाय:** रोजाना कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें। रात को सोने से एक घंटे पहले से मोबाइल को स्विच ऑफ कर दें, लैपटॉप और टीवी स्क्रीन से भी दूर रहें। रात को सोते समय मोबाइल को बेडरूम से बाहर रखें।

## सिर में दर्द


मोबइल पर लगातार चैटिंग करने से लोगों को सिर में दर्द की समस्या भी होती है। लगातार रील्स स्क्रॉल करते रहने की आदत ब्रेन की सेहत के लिए नुकसानदेह होती है। इससे खास तरह की न्यूरोलॉजिकल समस्या होती है, जिसे ब्रेन रोट प्रॉब्लम कहते हैं। इसमें लोगों को ध्यान केंद्रित करने और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट आती है।

**बचाव के उपाय:** अपने मोबाइल में सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन के बटन को ऑफ रखें। मनोरंजन के लिए किताबें पढ़ना या टीवी देखना ज्यादा बेहतर विकल्प हैं। इसलिए जहां तक संभव हो मोबाइल से दूर रहें।

## मेंटल हेल्थ पर बुरा असर

लंबे समय तक लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने और मोबाइल, लैपटॉप के साथ ज्यादा वक्त बिताने के कारण लोगों में एंग्जायटी, स्ट्रेस, उदासी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा करने वाले लोग इंट्रोवर्ट और उदास रहने लगते हैं। ज्यादा रील्स देखने से सोचने-समझने और निर्णय लेने की क्षमता घटने लगती है।

**बचाव के उपाय:** सचेत तरीके से अपना स्क्रीन टाइम घटाने की कोशिश करें। खाली समय में अकेलापन या उदासी दूर करने के लिए मोबाइल स्क्रॉल करने से बचें, बल्कि खुद को कुकिंग, बागवानी, पेंटिंग और लेखन जैसे रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रखने की कोशिश करें। अपनों से मिलने-जुलने और बातचीत के लिए समय निकालें। ध्यान



रहे, जब भी आप किसी से मिलने जाएं, उस दौरान मोबाइल को अपने पर्स में रख दें। इससे आपके स्क्रीन टाइम में कटौती होगी और आप अपनों के साथ क्वॉलिटी टाइम बिता पाएंगे।

अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगे तो मोबाइल और गैजेट्स के सीमित इस्तेमाल के वाबजूद आपको कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। *

**प्रस्तुति: विनीता**

### बच्चों का भी बढ़ रहा स्क्रीन टाइम

आजकल एक-दो साल की उम्र से ही लोग रोते बच्चों को बहलाने के लिए उनके हाथों में मोबाइल पकड़ा देते हैं।



इसी वजह से उन्हें मोबाइल की लत लग जाती है और अकसर वे मोबाइल देखे बिना खाना तक नहीं खाते। ऑनलाइन क्लास और स्टडी की वजह से भी बच्चे लैपटॉप और स्मार्टफोन के साथ काफी वक्त गुजारते हैं। मोबाइल के स्क्रीन से ब्लू लाइट वैसे तो बड़ों के लिए भी नुकसानदेह होती है, लेकिन बच्चों की कोमल आंखों पर इसका ज्यादा बुरा असर पड़ता है।

**बचाव के उपाय:** दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्क्रीन से पूरी तरह दूर रखें। पांच वर्ष के बाद बच्चे मोबाइल तो देख सकते हैं, लेकिन उनका स्क्रीन टाइम 2 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार बच्चों को सोने से एक घंटे पहले से ही स्क्रीन न देखने दें। अगर परिवार में बड़े भी यह नियम अपनाएं तो यह उनके लिए फायदेमंद साबित होगा।

### आंखों के लिए भी है बहुत हार्मफुल

**स्क्रीन टाइम** बढ़ने का बुरा असर आंखों पर भी बहुत अधिक पड़ रहा है। मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर या टीवी स्क्रीन के साथ ज्यादा वक्त बिताने की वजह से लोगों की आंखों की मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द महसूस होता है। स्क्रीन पर लगातार देखने के कारण पलकें झपकाने का मौका नहीं मिलता, इससे आंखों की नमी सूखने लगती है। आंखों में ड्राइनेस की समस्या के कारण खुजली, जलन और लालिमा जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

**बचाव के उपाय:** आंखों को स्क्रीन से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए 20: 20: 20 का फॉर्मूला अपनाएं। यानी, हर 20 मिनट के अंतराल पर 20 सेकेंड का ब्रेक लेकर 20 फीट की दूरी पर रखी किसी वस्तु को



देखें। इसके अलावा फोन के स्क्रीन को ज्यादा नजदीक से न देखें। लैपटॉप का स्क्रीन भी लगभग डेढ़ फीट की दूरी पर होना चाहिए। लैपटॉप पर काम करते समय हर 20 मिनट के अंतराल पर अपनी दोनों हथेलियां बंद पलकों पर रखें, इससे आंखों की थकान दूर होगी। ब्राइट लाइट का रिफ्लेक्शन सीधे स्क्रीन पर नहीं होना चाहिए। आप जिस कमरे में रहते हैं, वहां की प्रकाश व्यवस्था संतुलित होनी चाहिए।

ज्यादा तेज या बहुत हल्की रोशनी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदेह होती है, अपने कमरे में हमेशा मीडियम रोशनी का प्रबंध रखें। अगर आंखों में कोई तकलीफ न हो तो भी साल में एक बार आई चेकअप अवश्य कराएं।

**- सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली की सीनियर आई स्पेशलिस्ट डॉ. इकेदा लाल**

---

घरेलू औषधि / रेखा देशराज

# त्रिदोष नाशक कच्ची हल्दी



हल्दी, भारतीय रसोई के सबसे लोकप्रिय मसालों में से एक है। लेकिन यह एक प्रभावी जड़ी-बूटी भी है। जी हां, आयुर्वेद में हल्दी के सैकड़ों तरह के औषधीय उपयोग हजारों सालों से मौजूद हैं।

**त्रिदोष को करती है दूर:** आयुर्वेद में हल्दी को 'त्रिदोष नाशक' माना गया है। बहुत कम ऐसी चीजें होती हैं, जिनमें वात, पित्त और कफ को संतुलित करने की क्षमता होती है। हल्दी कुछ गिनी-चुनी औषधियों में से है, जिसमें इन तीनों को संतुलित करने का गुण पाया जाता है। इसलिए हल्दी को त्रिदोष नाशक कहा जाता है।

**होते हैं अनेक औषधीय गुण:** जिन्हें सूजन से संबंधित परेशानियां होती हैं, जैसे गठिया आदि में अपने एंटीइंफ्लेमेट्री गुण के कारण हल्दी सूजन को कम करती है और परेशानी से राहत पहुंचाती है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो शरीर को प्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। हल्दी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। हल्दी के सेवन से पाचन में सुधार होता है। यह गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याओं में बेहद फायदेमंद है। कहीं कट-फट जाए तो हल्दी का पेस्ट ऐसे घावों और संक्रमण को तेजी से ठीक करने में मददगार होती है। दाग, धब्बों, मुहांसों और त्वचा संबंधी दूसरी परेशानियों को हल्दी दूर करती है। हल्दी रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण करने में मदद करती है। इसमें पाया जाने वाला यौगिक करक्यूमिन कैंसररोधी होता है। इसलिए हल्दी के सेवन से कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद मिलती है। हल्दी का पेस्ट त्वचा की जलन, खुजली, एग्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याओं में फायदेमंद होता है। हल्दी को दूध में मिलाकर या काढ़े के रूप में पीने से गले की खराश दूर होती है। सर्दी लगने पर भी फायदेमंद होती है।

**इन बीमारियों में भी है कारगर:** जिन्हें लगातार अपच, एसिडिटी और पेट दर्द की शिकायत रहती है, उन्हें अदरक के साथ मिलाकर कच्ची हल्दी भूनकर चूसना चाहिए या दांतों से चबाकर उसका रस पीना चाहिए। इससे पेट संबंधी ये सारी शिकायतें खत्म हो जाती हैं। हल्दी लिवर को डिटॉक्स करने में और इसकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में बहुत मददगार होती है। जो घाव लंबे समय से भर न रहा हो, उसमें शुद्ध शहद में हल्दी के पावडर को मिलाकर लेप करना चाहिए। डायबिटीज की समस्या में कच्ची हल्दी के रस का सेवन फायदेमंद होता है, क्योंकि यह इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। हल्दी रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित करती है। क्योंकि हल्दी दिमाग की सूजन को कम करती है, इसलिए यह याद्दाश्त सुधारने में मददगार होती है। जिन्हें अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की समस्या हो, उन्हें हल्दी का सेवन करना चाहिए। *

---

अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

हालांकि ब्लड डोनेशन को लेकर समाज में कई तरह के मिथ प्रचलित हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि ब्लड डोनेशन से कोई नुकसान नहीं होता। इससे कई तरह के फायदे ही होते हैं। इस बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# ब्लड डोनेशन से नहीं होता किसी तरह का नुकसान

समय-समय पर रक्तदान करना यानी ब्लड डोनेशन के बारे में आप जरूर जानते होंगे। इसमें रक्तदान आयोजित करने वाले कैंप्स में ब्लड ग्रुप के अनुसार ब्लड एकत्रित किया जाता है और जब किसी को रक्त की जरूरत हो, तो उसे यह रक्त चढ़ाया जाता है।

**प्रचलित हैं भ्रांतियां:** यह बहुत हैरत की बात है कि रक्तदान करने के नाम पर हमारे समाज में कई मिथ और धारणाएं प्रचलित हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और अपने रक्त को किसी को यूं ही क्यों दान दे दिया जाए की सोच के चलते लोग रक्तदान करने से कतराते हैं। हकीकत में ऐसा नहीं है। रक्तदान करने का मतलब है, किसी को जीवनदान देना। रक्तदान एक ऐसा दान है, जिसे कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। क्या आपको पता है कि आपके एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है?

**क्या है रक्तदान:** रक्तदान करने से पहले रक्तदान करने वाले यानी डोनर के शरीर की कुछ विशेष किस्म की जांच की जाती है और उसके रक्त की गुणवत्ता की जांच करने के बाद ही उससे रक्तदान कराया जाता है। इसमें डोनर के ब्लड के करीब ढाई सौ मिलीलीटर रक्त की मात्रा को मशीन की सहायता से एक बैग में जमा किया जाता है। इस बैग को परीक्षणों के बाद ब्लड बैंकों में स्टोर कर दिया जाता है और इस जमा ब्लड को मरीज की जरूरत के अनुसार दिया जाता है।



**इसका रखें ध्यान:** अगर आप रक्तदान करना चाहते हैं, तो इसके लिए समय-समय पर विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों द्वारा विभिन्न अस्पतालों में या डिस्पेंसरीज में रक्तदान के कैंप आयोजित किए जाते हैं। जहां जाकर आप रक्तदान कर सकते हैं, इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। चिकित्सक मेडिकल चेकअप के बाद आपका ब्लड लेते हैं। इस प्रक्रिया में 10 से 15 मिनट लगते हैं।

**कौन कर सकता है रक्तदान:** रक्तदान करने के लिए रक्तदाता का सेहतमंद होना जरूरी है। उसका वजन कम से कम 50 किलोग्राम हो और उम्र कम से कम 18 और अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने पर रक्तदान कर सकता है। यदि उस व्यक्ति के घर में किसी को इमरजेंसी में रक्त की जरूरत हो तो एक महीने के बाद भी डॉक्टर उसे रक्तदान की इजाजत दे देते हैं। रक्तदान करते समय रक्त देने वाले का ब्लड प्रेशर, तापमान और नाड़ी की गति सामान्य होनी चाहिए। हीमोग्लोबिन लेवल भी 12.5 से कम नहीं होना चाहिए।

**कौन नहीं कर सकता रक्तदान:** हेपेटाइटेस बी, सी, टीबी, लैप्रोसी, एचआईवी, अस्थमा के मरीज, दिल के मरीज रक्तदान नहीं कर सकते। यदि किसी महिला की डिलीवरी हुई हो या वह बच्चे को दूध पिला रही हो तो उसका भी रक्तदान स्वीकार नहीं होता। मासिक धर्म के दौरान, मिस कैरेज के 6 महीने के भीतर, टैटू, पियर्सिंग कराने के 6 महीने के भीतर ब्लड डोनेट नहीं किया जा सकता। वैक्सीनेशन, एंटीबॉयाटिक, आयुर्वेद, होम्योपैथिक दवाइयों का नियमित सेवन करने वालों को भी रक्तदान के लिए पात्र नहीं समझा जाता।

**ब्लड डोनेशन के फायदे:** विभिन्न अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रक्तदान करने वालों में कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। ब्लड प्रेशर में भी कमी आती है, जिससे हार्ट अटैक के खतरे कम होते हैं। यह कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के जोखिम को भी कम करता है। रक्तदान करने से पहले बहुत सारी जांचें की जाती हैं, जिससे शरीर में किसी भी किस्म के विकार का पता चल जाता है। रक्तदान का सबसे बड़ा लाभ तो यह होता है कि मन में फील गुड आता है कि हमने समाज के लिए कुछ अच्छा कार्य किया है और हमारे रक्त से अगर किसी की जान बच जाती है तो यह भी एक पुण्य का कार्य है। *

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

वैसे तो अधिकांश आसन युवा लोग कर सकते हैं, इसके लाभ उठा सकते हैं। लेकिन पार्श्व उपविष्ठ कोणासन, ऐसा आसन है, जिसे युवा बहुत पसंद करते हैं। इसकी क्या वजह है, इसे करने की विधि, लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

# युवाओं का पसंदीदा योगासन पार्श्व उपविष्ठ कोणासन



पार्श्व उपविष्ठ कोणासन, जिसे अंग्रेजी में वाइड एंगल सीटेड फॉरवर्ड वेंड पोज या संक्षेप में साइड सीटेड एंगल पोज भी कहते हैं, युवाओं को सूर्य नमस्कार की तरह सबसे ज्यादा पसंदीदा आसनों में से एक है। शायद इसकी वजह यह भी है कि यह एक ऐसा आसन है, जिसे ज्यादा बूढ़े या अधेड़ लोग मुश्किल से कर पाते हैं और बच्चों को इसे करने की जरूरत नहीं होती। इस तरह यह मूलतः युवाओं का ही आसन माना जाता है, क्योंकि इस आसन के लिए जितनी फ्लेक्सिबिलिटी की जरूरत होती है, उतनी लोच-लचक आमतौर पर युवाओं में ही आसानी से मिलती है।

**इससे होने वाले फायदे:** नियमित रूप से उपविष्ठ कोणासन करने से कई तरह के फायदे होते हैं। इस आसन से पैरों के निचले और भीतरी हिस्से को अच्छा स्ट्रेच मिलता है, जिससे वे सुडौल और टोंड दिखती हैं। इसे करने से पेट के भीतरी अंग भी टोंड और स्टिमुलेट होते हैं। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है। शरीर को रिलैक्स और दिमाग को शांत करता है। इससे साइटिका और अर्थराइटिस की समस्या दूर होती है। इसके अभ्यास से किडनी स्वस्थ और सक्रिय रहती है। यह युवाओं के लिए विशेष रूप से सिक्स पैक एब्स हासिल करने में मददगार होता है। यह अस्थमा से राहत दिलाता है। इससे लोअर बॉडी का फैट कम होता है तथा वजन को कम करता है।

**करने का सही तरीका:** सबसे पहले अपने योगा मैट पर बिल्कुल सीधे होकर बैठ जाएं। अब दोनों पैरों को जितना संभव हो, एक-दूसरे के विपरीत 90 डिग्री के कोण में फैलाने की कोशिश करें। इस दौरान अपने दोनों पैरों के पंजों को आगे की तरफ झुकाए रखें और दोनों पैरों को जितना सहा जा सकता हो, उतना सीधा करें। इस अवस्था में कमर के नीचे के हिस्से में जितना झुकाव महसूस होगा, उतना ही अच्छे से यह आसन होगा। लेकिन इसे करने के पहले इस बात पर ध्यान दें कि सारे योगाचार्यों ने इस आसन के बारे में खासतौर पर कहा है कि अगर असुविधा महसूस हो रही हो तो इसे तुरंत बंद कर दें। शुरुआती दौर में यह करने के लिए मुलायम गद्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आसन में अपनी दोनों हथेलियों को हिप्स के पीछे योगा मैट पर रखें और लंबी-गहरी सांसें भीतर की तरफ खींचें। कुछ सेकेंड तक इस स्थिति में रुकें और फिर जब पैरों को अच्छा स्ट्रेच महसूस होने लगे, तब सांस छोड़ते हुए पेट को भीतर की तरफ खींचें और सामने की तरफ झुक जाएं। अब अपने दोनों हाथों को भी धीरे-धीरे सामने की तरफ लाएं। स्पाइन को जितना हो सके स्ट्रेच करें। एक मिनट से ज्यादा इसे न करें। एक मिनट के बाद धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पुरानी सामान्य स्थिति में वापस आएं। घुटनों को मोड़ें और पैरों को फिर से एक साथ सीध में लाएं।

**बरतें सावधानी:** उपविष्ठ कोणासन करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें। इसे तब बिल्कुल न करें, जब रीढ़ की हड्डी में दर्द हो। अगर किसी तरह की गंभीर बीमारी से गुजर रहे हैं तो भी इसे न करें। गर्दन में दर्द हो, कंधों में दर्द की समस्या रहती हो, घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस हो तो यह आसन करने से बचें और करें भी तो किसी योग्य योगाचार्य की मौजूदगी में ही करें। जब तक अच्छी तरह सीख न जाएं, तब तक उपविष्ठ कोणासन योगा ट्रेनर की मौजूदगी में ही करें, कभी अपने आप न करें। जब दक्ष हो जाएं तब अकेले करें। *




## खबर संक्षेप

### घनी आबादी में फटा ऑक्सीजन सिलिंडर



मथुरा। मथुरा के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के महाविद्या कालोनी में गिलट की पायल बनाते समय ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से एक महिला की मृत्यु हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गईं हैं। धमाका इतना तेज था कि आसपास के कई मकानों में भी दरार आ गईं। पुलिस ने महिला का क्षत विक्षत शव को एकत्रित करके मोर्चरी में भिजवाया है। बुधवार दोपहर 12 बजे एक मकान में ऑक्सीजन सिलिंडर फट गया।

### रांची के अस्पताल से चोरी हुई 4 दिन की बच्ची



रांची। यहां सदर अस्पताल से चार दिन की नवजात बच्ची की चोरी का सामने आया है। बच्ची का जन्म 14 फरवरी को हुआ था। चोर ने 17 फरवरी की रात बच्ची को गायब कर दिया। लोअर बाजार थानेदार दयानंद ने बताया कि बच्ची के पिता उमेश बेदिया और मां सबिता देवी ने बच्ची के गायब होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। सदर अस्पताल में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

### खगड़िया में खून-खराबा सोए बुजुर्ग की हत्या



**खगड़िया** । बिहार के खगड़िया जिले में अपराधियों ने जमकर खून-खराबा मचाया है। यहां अपराधियों ने दो बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। परबत्ता थाना क्षेत्र के नयागांव सतखुट्टी में मंगलवार की देर रात सोए अवस्था में अपराधियों ने एक वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी। मृत वृद्ध नयागांव सतखुट्टी गांव निवासी 75 वर्षीय कौशल सिंह बताया जा रहा है। घटना जमीन विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

# 13 मार्च को होगा होलिका दहन और मंदिरों में धुल्हैंडी का आयोजन

मथुरा की होली की तारीखों का इंतजार खत्म हो चुका है। ब्रज की होली की तारीखों का ऐलान हो गया है। होलिका दहन 13 मार्च की देर रात होगा और 14 मार्च को धुलेंडी मनाई जाएगी। मथुरा वृंदावन और जिले के अन्य स्थानों पर मंदिरों में 14 मार्च को धुलंडी होली होगी। सात से 22 मार्च तक प्रमुख होली स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

**ब्रज में कब मनेगी होली, संशय खत्म**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

ब्रज की होली का इंतजार देश और दुनिया के लोगों को रहता है। इस बार तारीखों का एलान हो गया है। ब्रज में होलिका दहन 13 की देररात होगा। 14 मार्च को धुल्हेड़ी होगी। ज्योतिषाचार्य कामेश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन के दो मुहूर्त हैं। पहला मुहूर्त शाम 6.30 है और दूसरा रात 11.30 बजे होगा। 14 मार्च को धुल्हेड़ी का पर्व मनाया जाएगा। मथुरा, वृंदावन के साथ ही जिले के अन्य स्थानों पर मंदिरों में 14 मार्च को धुल्हैंडी होली होगी। बरसाना के राधारानी मंदिर, नंदगांव के नंदबाबा मंदिर, गोवर्धन के मंदिरों के साथ ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान, ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के साथ ही प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में 14 मार्च को ही धुल्हैंडी मनाई जाएगी। इसकी तैयारियां मंदिरों में तेज हो गई हैं।

## 7 से 22 मार्च तक मनाया जाएगा रंगोत्सव



ब्रज की होली को 350 कलाकार जीवंत करेंगे। मयूर नृत्य, फूलों की होली, चरकुला नृत्य भगवान श्रीकृष्ण-राधा की होली का आनंद देंगे। यहां की होली के आयोजन में शामिल होने देश-दुनिया के श्रद्धालु आते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने रंगोत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। सात से 22 मार्च तक प्रमुख होली स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। ब्रज की होली अनोखी है। यहां चालीस दिन आयोजन होते हैं। बरसाना, नंदगांव की लठामार होली, गोकुल की छड़ीमार द्वापरयुग में ले जाती हैं। श्रद्धालु सुधबुध खोकर होली का मजा लेते हैं। होली में चार चांद लगाने को परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रमुख होली के स्थलों पर यह आयोजन होते हैं।

## सीएम योगी ने विधानसभा में माना

# मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में कई स्थानों पर हुई भगदड़, 7 और लोगों की गई थी जान

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में माना कि महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम नोज के साथ ही कुछ और स्थानों पर भी प्रेशर प्वाइंट बने थे। अलग अलग क्षेत्रों में भी दिनभर दबाव बनते रहे। इस दबाव में भी 30 से 35 लोग घायल हुए थे। उनमें से 7 लोगों की मौत भी हो गई थी। सीएम योगी ने संगम नोज पर हुए हादसे का पूरा ब्योरा भी दिया और बताया कि क्यों भगदड़ मची थी। दोहराया कि इसमें 30 लोगों की मौत हुई थी। इसमें से एक की पहचान नहीं हो सकी। उनका डीएनए सुरक्षित रख लिया गया और अंतिम संस्कार कर दिया गया था। यह भी बताया कि घायलों में अब भी एक व्यक्ति का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

सीएम योगी ने बताया कि संगम नोज पर घटना के बाद श्रद्धालुजनों की मदद से ही ग्रीन कॉरिडोर बना। एंबुलेंस को आने का रास्ता मिला। एंबुलेंस ने घायलों को पहले अस्पताल पहुंचाया। वहां से घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाने में मदद की। सीएम योगी ने कहा कि हम उस जनदबाव को देखें, जो उस समय वहां रहा होगा। 25 लाख की आबादी वाले शहर में पांच करोड़ की भीड़ के बीच रेस्क्यू रना और इस प्रकार से अलग अलग क्षेत्रों में भी दिनभर दबाव बनते रहे। कुछ लोगों को वहां से निकालना और कुछ लोगों को वहां से निकलना, इससे प्रयागराज में अलग अलग स्थानों पर कुछ प्रेशर प्वाइंट बने। इससे 30-35 लोग अन्य स्थानों पर भी घायल हुए। उन्हें भी अस्पताल पहुंचाया गया।

सीएम योगी ने बुधवार को माना कि मौनी अमावस्या पर संगम नोज के अलावा भी प्रयागराज में भगदड़ मची थी और सात लोगों की मौत हुई थी। सीएम योगी ने कहा कि इन सभी मौतों को महाकुंभ से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

**खास बातें**

- संक्रमित व्यक्ति का उपचार संभव , लेकिन संक्रमित सोच का उपचार नहीं
- सीएम ने सदन में कहा- पप्पू और टप्पू में बहुत अंतर
- योगी सरकार आज पेश करेगी अपना 9वां बजट

## महाकुम्भ के भव्य आयोजन के प्रति प्रतिबद्ध है सरकार



मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ को भव्य बनाने के लिए सरकार ने हरसंभव प्रयास किए हैं। प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हम इसे ऐतिहासिक बना रहे हैं और इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग शुरू में महाकुम्भ का विरोध कर रहे थे, वे भी अब चुपचाप स्नान करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि 2013 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब इनके नेताओं को प्रयागराज जाने से रोका गया था, लेकिन इस बार वे खुद वहां गए और हमारे द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। 20 फरवरी को यूपी सरकार अपना बजट पेश करेगी। एक अनुमान के मुताबिक इस बार का बजट आठ लाख करोड़ का हो सकता है। जानकारों के अनुसार इस बार बजट में लोक-लुभावन घोषणाएं हो सकती हैं।

### सीएम योगी ने अखिलेश यादव को बताया यूपी का राहुल गांधी

*महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार योगी सरकार पर निशाना साध रहे हैं। इसका जवाब बुधवार को सीएम योगी ने विधानसभा के बजट सत्र में दिया। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए यहां तक कह दिया कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे हैं। सीएम योगी ने अखिलेश पर देश के खिलाफ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने अखिलेश यादव की तुलना कांग्रेस नेता राहुल गांधी से करते हुए तंज भी कसा। कहा कि पप्पू और टप्पू में बहुत अंतर नहीं होता है। राहुल गांधी अगर देश में भाजपा की जीत की गारंटी हैं तो यूपी में अखिलेश ।*

## 80 करोड़ की लागत से 210 किमी सड़क

# सीएम ग्रामीण सेतु योजना से बिहार में 42 नए पुलों का होगा निर्माण



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना फिर से शुरू की गई है। इस योजना के तहत 42 से अधिक पुलों का निर्माण यहां कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जून महीने तक ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में जो भी गड्ढे हैं, उन्हें ठीक कर दिया जाएगा।

दरअसल, मंत्री अशोक चौधरी समस्तीपुर पहुंचे थे और विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की थी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 250 से अधिक आबादी वाले गांवों को सड़क से जोड़ा जा रहा है। अब तक 31,593 किलोमीटर सड़क और 121 पुल बनाए जा चुके हैं। 100 से अधिक आबादी वाले गांवों को जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना शुरू की गई है।

समस्तीपुर और दरभंगा जिले में 180 करोड़ रुपए की लागत से 210 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। इससे 146 गांवों को सड़क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह पसंदीदा योजना है। उन्होंने कहा कि 30 जून तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा।

### सड़कों की निविदा एक सप्ताह के भीतर

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत 'ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम' को बिहार मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी है। इस योजना के तहत समस्तीपुर जिले में 607 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनकी कुल लंबाई 1065 किलोमीटर होगी और इस पर करीब 864 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मंत्री चौधरी ने कहा कि 31 मार्च 2024 के बाद पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुकी सड़कों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही स्वीकृति दी जाएगी। इस योजना के तहत सभी सड़कों की निविदा एक सप्ताह के भीतर जारी होगी। मार्च 2025 के अंत तक निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि समस्तीपुर और दरभंगा जिले में उन्होंने बेटी के लिए वोट मांगा था, इसलिए उनकी जवाबदेही इस जिले में और अधिक बढ़ गई है।

## पेज एक का शेष

### एशिया आर्थिक संवाद...

केंद्र के साथ मंत्रालय इसकी सह-मेजबानी करेगा।

**आर्थिक सुदृढ़ता पर आधारित होगी थीम:** मंत्रालय ने कहा कि इस बार संवाद की थीम 'इकनॉमिक रेसिलिएंस एंड रिसरजेंस इन एन एरा ऑफ फ्रेगमेंटेशन' होगी। संवाद में भू-अर्थशास्त्र से जुड़े हुए जिन मुख्य परंपरागत विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उनमें कृत्रिम मेधा और ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा के आर्थिक प्रभाव, हिंद महासागर क्षेत्र व उसके बाहर ब्लू अर्थव्यवस्था के तथ्य, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा सिस्टम की चुनौतियां और संभावनाएं शामिल हैं। इसके अलावा सूक्ष्म, छोटे-मध्यम उद्यमियों (एमएसएमई) की क्षमता और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव जैसे विषय भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे। संवाद का उद्देश्य आर्थिक विखंडन की जटिलताओं को समझना और लचीलेपन व पुनरुत्थान के लिए उठाए जाने वाले जरूरी कदमों की पहचान करना होगा।

### भारत-मलेशिया के...

चर्चा में द्विपक्षीय रक्षा संबंधों, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के और अधिक विस्तार के लिए प्रभावी व व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने वाले उपायों पर विचार किया गया।

**सामरिक मामलों पर कार्य समूह की शर्तें:** बैठक में भारत और मलेशिया ने सामरिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना के लिए तैयार किए गए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का आदान-प्रदान किया। यह मंच दोनों के आपसी रक्षा सहयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग समिति और दो उप समितियों के बीच परामर्श के तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समिति में तय एसयू-30 मंच की स्थापना के विषय पर अंतिम रूप से तैयार संदर्भ की शर्तों को भी आपस में साझा किया गया। इस मंच से दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच सहयोग और प्रगाढ़ होगा और सुखोई-30 के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम तौर-तरीकों का आदान-प्रदान किया जा सकेगा।

**हिंद-प्रशांत में अहम साझेदार:** भारत, मलेशिया को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्योंकि मलेशिया तीन प्रमुख विदेश नीति दृष्टिकोणों अर्थात पूर्व की ओर देखो नीति, सागर तथा हिंद-प्रशांत महासागर पहल के संगम पर स्थित है। भारत, आसियान के महत्व और एकता का समर्थन करता है। जो देश के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का अहम तत्व है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने एक मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र की उभरती बदलाव की गति को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

### समुद्री सुरक्षा खतरों से...

रणनीतिक साझेदारी के लिए रक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने पिछले साल 2024 में की गई भारत यात्रा के दौरान की थी।

### साल में दो बार सीबीएसई...

होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सोमवार को सीबीएसई ने साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित कराने का प्रेजेंटेशन दिया है।

**अप्रैल में शुरू होगा नया सत्र:** सीबीएसई बोर्ड का इसी अप्रैल में नया सत्र शुरू होगा। इसके आसपास बोर्ड की ओर परीक्षा की अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त शिक्षण वातावरण बनाना सरकार का फोकस रहा है। परीक्षा सुधार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। यह सुधार एनईपी 2020 के प्रमुख प्रावधानों के कार्यान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री...

सचिव स्कूल शिक्षा, सीबीएसई अध्यक्ष और मंत्रालय और सीबीएसई के अन्य अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इन विचार-विमर्शों की मसौदा योजना जल्द ही सीबीएसई द्वारा सार्वजनिक परामर्श के लिए रखी जाएगी। यह सुधार एनईपी के प्रमुख प्रावधानों के कार्यान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और छात्रों के बीच परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने में मदद करेगा।

### महासचिवों और प्रभारियों...

इंदिरा भवन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में जब मल्लिकार्जुन खडगे पहली बार एआईसीसी के सभी प्रभारियों और प्रभारी महासचिवों से रूबरू हुए तो एजेंडा साफ नहीं था। दो दिन पहले भूपेश बघेल और नासिर हुसैन को एआईसीसी का महासचिव बनाया गया था। बघेल को पंजाब और नसीर को जम्मू कश्मीर, लद्दाख का प्रभारी भी दिया गया। उनके साथ 9 प्रभारियों विभिन्न राज्यों में संगठन को चुस्तदुरुस्त करने की महती जिम्मेदारी दी गई। एक साथ आधा दर्जन प्रभारियों को मल्लिकार्जुन खडगे ने हटाया भी। स्पष्ट संकेत है, संगठन में पद पर हैं तो पार्टी हित में डिलिवरी तो करनी होगी। केवल प्रदेश संगठन को ऊर्जा से भरे रहने की जिम्मेदारी भर नहीं रहेगी बल्कि पार्टी सत्ता में कैसे आए इसके जतन भी करने होंगे, दिखने चाहिए। सभी प्रभारियों की एकाउंटिबिलिटी फिक्स करने के लिए अध्यक्ष के ऑफिस में हर महीने के कामकाज की ऑडिट रिपोर्ट नत्थी की जाएगी।

**वोटर लिस्ट को लेकर रहें सचेत:** महासचिव प्रभारी और प्रभारियों के साथ बैठक में पार्टी अध्यक्ष ने चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में बडे पैमाने पर कथित रूप से 'हेराफेरी' को मुद्दा बनाते हुए इसकी तह तक जाने की जिम्मेदारी भी संबंधित प्रभारियों को दी। उन्होंने कहा कि ये मामला गंभीरता के साथ राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में भी उठाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों को वोटर लिस्ट हटाना या कहीं दूसरे बूथ पर उनके नाम को भेज देने की शिकायतें लगातार एआईसीसी पहुंची हैं। इस पर काम चल रहा है। प्रभारियों को पूरी तरह नजर बनाकर रखनी होगी।

**चलेगा संविधान बचाओ:** संविधान बचाओ यात्रा एक साल तक लगातार चलेगी। प्रभारियों को खडगे ने पदयात्रा, संवाद और नुक्कड सभाओं एवं अन्य कार्यक्रमों से आमलोगों से कनेक्ट बनाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली चुनाव सीमित संसाधनों में बेहतर ढंग से लडा। कम से कम बदलाव की बयार बहाने में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई।

### पीएम मोदी की...

है। रास्ते में शाकाहारियों को भी मांसाहार खाने में परोसा जा रहा है, अमेरिका की इन गलत हरकतों का भी विरोध केंद्र सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है, ये उचित नहीं।

## कैश और मोबाइल फोन मिले

# जाली नोटों का आतंकी कनेक्शन दो जगहों पर एनआई की रेड

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की रेड से हड़कंप है। राज्य के दो जिलों में एनआई की टीम आतंकी कनेक्शन को खंगालने पहुंची है। भागलपुर और भोजपुर जिले के आरा में एनआई की रेड हुई है। बताया जा रहा है कि जाली नोट के अवैध कारोबार मामले में आतंकी कनेक्शन खंगालने के लिए एनआईए की टीम बुधवार को भागलपुर पहुंची। जाली नोट मामले के मुख्य अभियुक्त नजरे सद्दाम के इशाकचक बरहपुरा स्थित घर पर एनआईए की टीम सुबह से ही पूछताछ कर रही है।

नजरे सद्दाम के परिवार वालों से पिछले कई घंटे से पूछताछ जारी है। पिछले साल सितंबर में नजरे सद्दाम सहित अन्य अभियुक्तों को मोतिहारी पुलिस ने नेपाल बॉर्डर के पास से भारी मात्रा में जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। जांच में इस बात की आशंका जताई गई थी की जाली नोट के अवैध कारोबार में शामिल अभियुक्तों का कनेक्शन आतंकवादियों के साथ हो सकता है। पाकिस्तान से भी उनका कनेक्शन खंगाला जा रहा है। एनआईए की टीम को लोकल पुलिस की मदद मिली है। इधर आरा के सहार के कोरनडिहरी गांव में छापेमारी हुई है। एनआई यहां भी आतंकी कनेक्शन की जड़े तलाश रही है।

## सिल्वर जुबली कैंप के लिए विशेष तैयारियां : राजेश चेतन

# बीपीएमएस के नि:शुल्क शिविर में 200 मरीजों की जांच, 53 का नेत्र ऑपरेशन



नई दिल्ली। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को लगाए जाने वाले निःशुल्क नेत्र आप्रेशन शिविर व कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प की श्रृंखला में 24वां कैम्प बुधवार को श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम के प्रांगण में लगाया गया। इसमें दो सौ से अधिक नेत्र रोगियों, जनरल पेशेंट्स एवं कैंसर मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। 53 नेत्र रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयन किया गया। भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा राजरानी महाजन एवं कुलदीप महाजन की स्मृति में आंखों की जांच व मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए निशुल्क कैम्प लगाया गया । साथ में राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा कैंसर के मरीजों की जांच भी की गई। वहीं सबसे पहले बीपी, शुगर, आंख,नाक,कान, गले की जांच भी निशुल्क कैंप में की गई। इस अवसर पर कैंप के संयोजक महाजन परिवार से सुशील महाजन हरिओम, पवन महाजन, अनीता महाजन, भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन,कमल गोयल,पूनम चंद बजाज, राजेश गुप्ता, अतुल जैन, एम आर जैन, संजय अग्रवाल, जगतनारायण भारद्वाज, डॉ. बुद्ध देव आर्य, सुनील कौशिक, देवेंद्र जैन, केडी महता, शिवराज भारद्वाज,कमल गोयल, सुभाष जैन, समाजसेवी अशोक भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति कैम्प में शामिल मिल रहे।

## सटीक भू-स्थानिक डाटाबेस तैयार करवा रही सरकार

# भूमि सर्वे के साथ-साथ अब होगा हवाई सर्वे

एजेंसी ▶▶ मुंगेर

केंद्र के भूमि संसाधन विभाग के सौजन्य से नक्शा योजना के तहत सिटी सर्वे प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। मध्यप्रदेश के रायसेन से इसका देशव्यापी शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया। बिहार की छह नगर पंचायत इस योजना में शामिल हैं। इसमें तारापुर भी शामिल है। ऑनलाइन बैठक में अनुमंडल सभागार में अधिकारियों नगर पंचायत के मुख्य पार्षद अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मी, सर्वे की टीम, नगर पंचायत के वार्ड पार्षद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी भूमि रिकॉर्ड्स के लिए एक सटीक और व्यापक भू-स्थानिक डाटाबेस तैयार करना है।

### शहरी विकास में आएगी गति




इससे आदलती मामलों, कानूनी दस्तावेजीकरण और ऐतिहासिक भूमि डाटा विश्लेषण में सहायता मिलेगी। त्वरित और अधिक प्रभावी शहरी योजना में सटीक भूमि डेटा से बेहतर जोनिंग, बुनियादी ढांचे के विकास और शहरी विस्तार में न्यूनतम देरी होगी।परिवहन योजना आवासीय परियोजनाओं और सतत शहरी विकास में सहायता मिलेगी। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन, कार्यपालक पदाधिकारी नितेश कुमार ने भी जानकारियां दी।

## चिंतन

# हर दिन क्यों आसमान छू रहे हैं सोने के दाम

सदियों से, मानव विकास की प्रक्रिया के दौरान सोने ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुद्रा, मूल्यवान संपत्ति के भंडार, आभूषण जैसे अनेक रूप में इसका उपयोग किया गया है। आभूषण मानव अलंकरण का एक अभिन्न अंग रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए। महिलाओं में सोने के प्रति लगाव के पीछे भी यही कारण है कि सोने को न केवल आभूषण बल्कि विपरित हालात में भी बहुत उपयोगी माना गया है। झुमके, नाक की कील, कंगन, हार से लेकर कमरबंद और बिछिया तक सब सोने की ही पसंद की जाती रही हैं। समय और बदलती मानसिकता के साथ पुरुषों ने भी सोने के आभूषण पहनना शुरू किया। भारतीय संस्कृति में, किसी भी उत्सव और शुभ अवसर पर सोने के आभूषण पहनने को काफी महत्व दिया जाता है, लेकिन बीते कुछ दिनों से सोना आम गृहिणी की पहुंच से दूर हो रहा है। सोना 19 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,043 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये हो गया है। इससे पहले सोना 85,690 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोना 86,089 रुपये ऑलटाइम हाई बना था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 10,571 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपये प्रति किलो से 11,549 बढ़कर 97,566 रुपये पर पहुंच गया है। मंगलवार को चांदी का भाव 96,023 रुपये किलो था। सोने के लगातार बढ़ते दाम के पीछे माना जा रहा है कि ट्रम्प के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से भी सोना महंगा हो रहा है। महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। सबसे अहम कारण शेयर बाजार में उतार आने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं। निवेशकों को लग रहा है कि सोना न केवल अच्छा मुनाफा दे सकता है बल्कि इसमें रिस्क भी काफी कम है। अगर आंकड़ों को देखें तो दुनियाभर में हर साल 2200 टन सोने का उत्पादन होता है। लेकिन कोरोना के बाद हालात में बदलाव आया। 2021 के बाद से दुनियाभर के बैंक सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने के दाम आसमान छू गए हैं। भारत में शादी के सीजन में सोने का खास महत्व है। आजकल शादियों का सीजन भी चल रहा है, लेकिन सोना है कि हाथ से छिटकता जा रहा है। दिवाली के समय प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 80 हजार रुपये थी, लेकिन अब फरवरी में इसकी कीमत लगभग 89 हजार के पास पहुंच गई है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। सोने की बढ़ रही कीमत ग्राहकों से लेकर कारोबारियों के लिए चिंता बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि अधिक कीमत की वजह से लोग खरीद में कटौती कर रहे हैं। यानी जो ग्राहक 10 ग्राम सोने की अंगूठी खरीदने की प्लानिंग से आता है, वह 5 ग्राम की अंगूठी खरीद रहा है। यह हाल सिर्फ ग्राहकों का ही नहीं, बल्कि कारोबारियों का भी है। सीमित बजट होने की वजह से कारोबारी भी कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है। उन्हें लग रहा है कि इसी साल सोना 90 हजार रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो पीली धातू आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर चली जाएगी।



दो टूक
डॉ. अश्विनी महाजन

# वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती

किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भाजपा 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपये प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ।

दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों, मेट्रो और सड़कों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय या अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफलता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को डालने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ायें। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया जा



सकता है। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुनः स्थापित किया जा सकेगा। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है।

यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी का लाभ उठाते हुए अरविन्द केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7430 करोड़ कर दिया। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपये तक ही बढ़ाया गया, यानि मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविन्द केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सड़कों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वादा किया कि झुग्गी वासियों की उनकी झुग्गियों हकी जगह पक्का मकान मिलेगा। इस वादे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी।

केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ का ऋण बकाया था। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण और सड़कों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। दिल्ली की नई रेखा गुप्ता सरकार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी, उसे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की होगी। शेष दुनिया के अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली में वाहनों के प्रदूषण को कम करने, धूल को न्यूनतम करने, जल प्रदूषण को समाप्त करने समेत कदम उठाने होंगे।

*(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज दिल्ली विवि में पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।*

## बिहार चुनाव
उमेश चतुर्वेदी




# प्रगति रथ पर चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ चेहरा सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवरब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20 हजार करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। इनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
**दर्शन**

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
**प्रेरणा**

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## शिवाजी जयंती



छत्रपति शिवाजी महाराज की पोशाक पहने एक व्यक्ति मुंबई में बुधवार को शिवाजी महाराज की जयंती मनाने वाली एक रैली में भाग लेता हुआ।

## आज की पाती

### परीक्षा में बच्चों के खानपान का रखें ध्यान

बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण समय है, जिसके लिए लंबे समय तक अध्ययन, ध्यान और मानसिक सहनशक्ति की आवश्यकता होती है। हालांकि, खराब डाइट और अस्वास्थ्यकर खान-पान से थकान, एकाग्रता की कमी और तनाव हो सकता है। आपका बच्चा सक्रिय, सतर्क और तनाव मुक्त रहे, इस अवधि के दौरान उसे सही पोषण प्रदान करना आवश्यक है। इसलिए परीक्षा के दौरान बच्चों को घर का बना शुद्ध और सात्विक आहार ही देना चाहिए। बच्चे जो खाना खाते हैं उसका सीधा असर उनके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, एकाग्रता और ऊर्जा के स्तर पर पड़ता है। संतुलित आहार याददाश्त, फोकस और स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करता है। *– संकेत वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### ऋषि सुनक अच्छे मित्र



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई! हमारे बीच कई विषयों पर शानदार बातचीत हुई। श्री सुनक भारत के बहुत अच्छे मित्र हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के इच्छुक हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मोदी जी की गारंटी



गुजरात नगर निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत का आशीर्वाद देकर गुजरात की जनता ने एक बार फिर बता दिया है कि उन्हें सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा के नेतृत्व में गुजरात विकास की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सभी का विश्वास जरूरी



महाकुंभ को लेकर सत्ता-विपक्ष के अलग-अलग तर्क हैं, जबकि व्यापक जनहित व जनकल्याण के लिए सभी का विश्वास जरूरी, ताकि सरकारी धन-संसाधन का सही उपयोग हो सके। वैसे भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि यूपी की समस्या है।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### मिलिंद रेगे को श्रद्धांजलि



मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुंबई क्रिकेट में उनका योगदान अमूल्य था और उनके मार्गदर्शन ने कई करियर को आकार दिया। उसकी आत्मा को शांति मिलें।
-यूसुफ पठान, भारतीय क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर के खिलाफ आरोप दायर

पाउलो गोनेट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव में हार के बाद भी पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट का प्रयास करने का मंगलवार को औपचारिक रूप से आरोप लगाया।



आरोप है कि तख्तापलट की इस साजिश के तहत बोल्सोनारो के उत्तराधिकारी और वर्तमान राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देने की योजना भी बनाई गई थी। गोनेट ने आरोप लगाया कि बोल्सोनारो और 33 अन्य लोगों ने सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र रचा जिसके तहत लूला को जहर देने और पूर्व राष्ट्रपति के विरोधी एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस की गोली मारकर हत्या करने की योजना भी बनाई गई। गोनेट ने 272 पन्नों के अभियोग में लिखा, 'आपराधिक संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में संस्थाओं पर हमला करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य सत्ता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना था। इस साजिश को 'ग्रीन एंड येलो डैगर' नाम दिया गया।' ब्राजील की संघीय पुलिस ने पिछले साल नवंबर में 884 पन्नों की रिपोर्ट दायर की थी जिसमें गोनेट ने इस कथित साजिश के बारे में विस्तार से बताया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं।



वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

प्रयागराज में आस्था में नहीं आ रही कमी

# श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ से बना हुआ है जाम का संकट, प्रमुख मार्गों पर वाहनों का लग रहा है रेला

*श्रद्धालु कई किमी पैदल चलकर मेला में पहुंचने को विवश हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रेला दिख रहा है। हालांकि दिन में शहर व आस-पास के ग्रामीण इलाकों के लोग भी ड्यूटी व अन्य जरूरी काम से वाहन से निकल रहे हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जा रही है।*

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ कायम है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।



श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ से प्रयागराज में जाम का संकट दूर नहीं हो रहा है। सड़कों पर वाहनों व पैदल चलने वाले लोगों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है। वहीं श्रद्धालु कई किमी पैदल चलकर मेला में पहुंचने को विवश हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रेला दिख रहा है। हालांकि दिन में शहर व आस-पास के ग्रामीण इलाकों के लोग भी ड्यूटी व अन्य जरूरी काम से वाहन से निकल रहे हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जा रही है। शहर से लेकर जिले की इंट्री पॉइंट्स पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

रेलवे ने किए खास इंतजाम

## ट्रेन में लगाए डबल इंजन



महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं का लगातार जमावड़ा हो रहा है। हर तरफ भीड़ बढ़ने के कारण ट्रेनें पूरी तरह खचाखच भरी हुई हैं। चाहे एसी कोच हो या जनरल, हर डिब्बा यात्रियों से ठसाठस भरा दिखाई दे रहा है। भीड़ इतनी बढ़ गई है कि रेलवे स्टेशन पर पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही। अब रेलवे ने कई ट्रेनों में दो-दो इंजन लगाए हैं।

## संगम के पानी को लेकर यूपी सरकार को फटकार एनजीटी ने मांगा जवाब

*नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और यूपी सरकार को फटकार लगाई है कि उन्होंने प्रयागराज में गंगा नदी के पानी में फीकल कोलीफॉर्म और ऑक्सीजन लेवल जैसे पानी के क्वालिटी पैरामीटर्स के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। ट्रिब्यूनल ने एक सप्ताह मे जवाब मांगा है।*

योगी सरकार ने की ये खास व्यवस्था

## और ये भी...उत्तरप्रदेश के 90 हजार कैदी भी करेंगे 'महाकुंभ स्नान'



उत्तरप्रदेश की 75 जेलों में बंद कैदियों को महाकुंभ में भागीदारी का मौका मिलेगा। जेल प्रशासन प्रयागराज के संगम से पवित्र जल लाकर सभी जेलों में स्नान की व्यवस्था कर रहा है। यूपी जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम 21 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से 10 बजे तक सभी जेलों में आयोजित किया जाएगा। प्रदेशभर की जेलों में 90 हजार से अधिक कैदी बंद हैं, जिनमें 7 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। कारागार महानिदेशक पीवी रमासास्त्री ने बताया कि जेल मंत्री की निगरानी में यह विशेष व्यवस्था की जा रही है। पवित्र जल जेलों में रखे छोटे जल टैंकों में भरकर रखा जाएगा और इसे सामान्य पानी में मिलाकर कैदियों के स्नान के लिए उपयोग किया जाएगा। 21 फरवरी को जेल मंत्री दारा सिंह चौहान और वरिष्ठ जेल अधिकारी लखनऊ जेल में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जेल प्रशासन ने अपने एक प्रहरी अरुण मौर्य को प्रयागराज भेजा है, जो वहां से संगम का पवित्र जल लेकर आएंगे।

## खबर संक्षेप

### हावड़ा के आमता स्थित प्लास्टिक कारखाने में आग

**कोलकाता।** हावड़ा के आमता में प्लास्टिक कारखने में भीषण आग लग गई। मंगलवार देर रात करीब 2 बजे लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल के 6 इंजनों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हावड़ा के अमता नून रोड मोड़ पर यह स्थित है। फैक्ट्री का गोदाम आग में आने से जलकर खाक हो गया है।



### सिद्धारमैया को जमीन घोटाले में मिली क्लीन चिट

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण से जुड़े कथित जमीन घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी समेत अन्य को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक लोकायुक्त ने सिद्धारमैया, पत्नी को क्लीन चिट दे दी है। इस मामले में उनके भाई मल्लिकार्जुन समेत अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज थी।



### पीएम मोदी ने शिवाजी महाराज को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



### उत्तराखंड में सशक्त भू कानून पर लगी मुहर

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सशक्त भू कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है। यह संसाधनों, नागरिकों के हकों की रक्षा करेगा।



जस्टिस अभय एस ओक और उज्जल भुइंया की पीठ ने की टिप्पणी

# भूल जाइए, किसी बड़े वकील का नाम लेंगे तो क्या सुनवाई स्थगित हो जाएगी

- वकील ने अदालत से सुनवाई आगे बढ़ाने की मांग की थी
- याची को हिदायत... ऐसे नहीं चलेगा



साल्वे इस मामले में करेंगे पैरवी, 4 हफ्ते का समय दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यावसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे तो सुनवाई में शामिल होंगे। इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है?

## वकील भी इस तरह की सोच छोड़ दें

वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

### जनवरी में भी नराजगी जताई थी

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

### पीठ ने दिया था आश्वासन

इस पर पीठ ने भूषण और अन्य पक्षों को आश्वासन दिया कि कुछ अत्यावश्यक सूचीबद्ध मामलों के बाद वह 19 फरवरी को सुनवाई के लिए याचिकाओं पर विचार करेगी।

### ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया

सरकार ने सोमवार को ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। वे जनवरी 2024 में सहकारिता मंत्रालय में सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें मार्च 2024 में उन्हें निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार शाम को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद उन्होंने बुधवार को 26वें सीईसी के रूप में शपथ ली।

सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

## कानून को चुनौती की अर्जी पर सुनवाई टली




*देश की सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।*

### याचिकाकर्ताओं की दलील

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया था कि संविधान पीठ के 2023 के फैसले में कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां ऐसा पैनल करेगा, जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भी शामिल होंगे। इसके बावजूद सरकार ने सीजेआई को इसमें शामिल नहीं किया और इस तरह से लोकतंत्र का मजाक उड़ाया। यह मामला 19 फरवरी के लिए सूचीबद्ध है, लेकिन इसे आइटम नंबर 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। सरकार ने संविधान पीठ के दृष्टिकोण की अनदेखी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की है। कृपया इसे पहले उठाएं, क्योंकि मामले पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा था कि सरकार ने नए कानून के तहत तीन नियुक्तियां की हैं, जिन्हें चुनौती दी गई है।*

दिल्ली भगदड़ पर हाईकोर्ट का सवाल

## जवाब दें, कोच में क्षमता से अधिक टिकट क्यों बेचा गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई भगदड़ पर केंद्र और रेलवे को कड़ी फटकार लगाई है। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने पूछा कि रेलवे एक कोच में क्षमता से अधिक टिकट क्यों बेच रहा है? अदालत ने केंद्र और रेलवे से जवाब मांगा है। अदालत रेलवे अधिनियम की एक धारा को लागू करने के लिए सुरक्षा उपायों पर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह धारा प्रति कोच यात्रियों की संख्या सीमित करती है। बिना अधिकार प्रवेश करने वालों को 6 महीने की जेल की सजा का प्रावधान भी है। यह नियम धारा 147 में है, जिसमें 1,000 रुपए के जुर्माने का भी प्रावधान है।

### टिकटों की संख्या बर्थ की संख्या से अधिक क्यों थी?

*अदालत ने नराजगी में कहा कि बताइए कि आप कोच में यात्रियों की संख्या सीमित करने वाले मौजूदा कानूनों को लागू करने के लिए क्या कदम उठाएंगे? बिना अधिकार प्रवेश करने वालों को दंडित कैसे करेंगे? रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के अनुसार, प्रत्येक रेल प्रशासन को एक निश्चित संख्या में यात्रियों को तय करने का वैधानिक अधिकार है। यह संख्या कोच के बाहर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जानी चाहिए। अगर आप एक साधारण सी बात को सही तरीके से लागू करते, तो दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति से बचा जा सकता था। कोर्ट ने माना कि 'भीड़-भाड़ वाले दिनों में रेलवे तय सीमा से अधिक यात्रियों को बैठा सकती है। लेकिन, अधिकतम बैठने की क्षमता को लागू करना 'उपेक्षित' लगता है। बेचे गए टिकटों की संख्या बर्थ की संख्या से अधिक क्यों थी?*

### रेलवे सभी पहलुओं पर गौर करेगा: एसजी

रेलवे की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के निर्देशों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड इस स्थिति के सभी पहलुओं पर गौर करेगा। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 26 मार्च तय की है। पिछले हफ्ते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में 11 महिलाएं और 5 बच्चे थे। इस भगदड़ के कई कारण थे। रेलवे ने भारी भीड़ के बावजूद टिकट बेचना जारी रखा।

संघ का 'कार्यकर्ता सम्मेलन'

## भाजपाध्यक्ष नड्डा व गृहमंत्री शाह भी नए भवन 'केशवकुंज' पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा समेत पार्टी के कई नेता बुधवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में आयोजित संघ के सम्मेलन में भाग लेने यहां संघ के नए कार्यालय पहुंचे। आरएसएस के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी झंडेवालान स्थित कार्यालय में 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। नवनिर्मित कार्यालय केशव कुंज का निर्माण लगभग 150 करोड़ की लागत से 8 वर्षों में किया गया है। लगभग 300 कमरों और कार्यालयों वाले 13 मंजिला तीन टावरों को आरएसएस की विचारधारा और उसके काम के प्रति सहानुभूति रखने वाले 75,000 से अधिक लोगों के योगदान से बनाया गया था। इनके कार्यालय और संगठन नए बहुमंजिला परिसर में स्थानांतरित हो गए हैं।



रिटायर होने के 18 साल बाद भी नहीं मिली पेंशन

बकाया राशि भी दी जाए

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा, 10 लाख रु. मुआवजा दें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी को 10 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मामला 2007 में रिटायर हुए एक कर्मचारी से जुड़ा है। जिन्हें 18 साल बाद भी पूरी पेंशन नहीं मिली थी और सिर्फ अस्थायी पेंशन पर गुजारा करना पड़ रहा था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि यह एक बेहद निराशाजनक और परेशान करने वाला मामला है। बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही रद्द कर दी थी और सभी बकाया राशि जारी करने का निर्देश दिया था।

### बंगाल सरकार ने उचित जवाब नहीं दिया था

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार ने 391 दिनों की देरी से विशेष अनुमति याचिका दायर की और इस देरी की कोई संतोषजनक सफाई भी नहीं दिया। 1994 में, अनुशासनात्मक जांच के बाद कर्मचारी को दोषमुक्त कर दिया गया था। 1997 में सतर्कता विभाग ने जांच अधिकारी के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए सजा का प्रस्ताव देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।*

पंजाब पुलिस विभाग पर बड़ी कार्रवाई

मान सरकार ने दिखाई सख्ती

## भ्रष्टाचार मामले में 52 पुलिस अधिकारी बर्खास्त, डीसी सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। भगवंत मान सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त 52 पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। 2 दिन पहले मुक्तसर के डीसी को भी निलंबित किया गया था। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है।

### रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर प्रहार

*लोग हेल्पलाइन नंबर के जरिए लोग भ्रष्टाचार से संबंधित घटनाओं की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकना है। अधिकारी से रिश्वत की मांग की जाती है, तो 9501200200 पर ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड कर भेजें।*

मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में सुनवाई

## 'सजा' में छूट के लिए सलेम ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी ठहराए गए गैंगस्टर अबू सलेम ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अबू सलेम वर्तमान में नासिक सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। सजा में छूट के लिए वो हाई कोर्ट पहुंचा है। सलेम ने कोर्ट से जेल अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया है कि वे 31 दिसंबर, 2024 तक हिरासत में बिताए गए उसके कुल समय 24 साल, 9 महीने और 16 दिन पर विचार करें और उसे रिहाई की एक तारीख बताएं।



### अगली सुनवाई 10 मार्च को

वकील फरहाना शाह के माध्यम से दायर सलेम की याचिका में यह बात जस्टिस सारंग कोतवाल और जस्टिस एस एम मोदक की पीठ के समक्ष की गई। हालांकि, कोर्ट मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के जुलाई, 2022 के आदेश के बाद प्रस्तुत की गई। जिसमें भारत की प्रत्यर्पण संधि और पुर्तगाल को दिए गए संप्रभु आश्वासन के अनुरूप, उसकी कारावास की अवधि को 25 वर्ष तक सीमित कर दिया गया था।

जल जीवन मिशन का मंत्री पाटिल ने किया उद्घाटन

## 25 लाख महिलाएं पानी की गुणवत्ता जांचेंगी

80 फीसदी ग्रामीण परिवारों को नल के पानी की सुविधा मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने मंगलवार को जल सुरक्षा पर दूसरे राज्य जल मंत्रियों की बैठक का उद्घाटन किया। मंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन से महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। इस मिशन के तहत अब 25 लाख महिलाओं को पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया है। ये महिलाएं फील्ड टेस्टिंग किट्स का उपयोग कर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि उनके गांवों में पहुंचने वाला पानी सुरक्षित और स्वच्छ हो। नल से पानी मिलने से महिलाओं का हर दिन करीब 5.5 करोड़ घंटे बच रहा है जिससे वे आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों में भाग ले सकती हैं।



### पाटिल ने जल जीवन मिशन की उपलब्धियों पर जोर दिया

पाटिल ने जल जीवन मिशन की उपलब्धियों पर जोर दिया और सरकार की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि हर ग्रामीण घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह मिशन तेजी से सफल हो रहा है और अब तक 80 फीसदी ग्रामीण परिवारों को नल के पानी की सुविधा मिल चुकी है। इससे 15 करोड़ से अधिक परिवारों को साफ पानी मिल रहा है।

### स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा

जल जीवन मिशन का स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक इस पहल से डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों से होने वाली 4 लाख मौतों को रोका गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य पर खर्च कम होने से ग्रामीण परिवारों का जीवन स्तर भी सुधरा है। पाटिल ने यह भी बताया कि जल सुरक्षा, विकसित भारत एट द रेट 2047 का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सरकार और समुदाय की भागीदारी से जल जीवन मिशन को सफल बनाकर हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी हेतु सूचना

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 21.02.2025 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12015 (F1), 12050 (F1), 12459 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1, R1), 22472 (F1, F2, R1). |
| 2. | 24.02.2025 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1), 22438 (F1). |
| 3. | 27.02.2025 को 10:30 बजे | 12191 (F1 & F2), 12214 (F1), 12215 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 14041 (R1) (रविवार), 20914 (F1), 12963 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार), 12963 (F1) (सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 4. | 28.02.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487 (सोमवार, मंगलवार और गुरुवार), 20408/20407, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/ 22433, 22460/22459 तथा<br>01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाडी संख्या : 22418/22417 |
| 5. | 03.03.2025 को 10:30 बजे | 02570 (F1), 03256 (F1), 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार, और मंगलवार के लिए), 12910 (F1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 12191 (R1), 20452 (F1), 20840 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 6. | 06.03.2025 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1) (बुधवार, शुक्रवार और शनिवार, 12448 (F1) (सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और रविवार), 12455 (F1), 12481 (F1), 12612 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14303 (F1, F2, R1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1) |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

1 ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_ centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।

2 निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है:
a. 12265 (F1).
b. 22401 (F 1).
c. 14041 (F1, R1).
d. 22454 (F1, F2, R1).


3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

**560/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### शिवाजी जयंती पर विदेशी मुद्रा बाजार रहा बंद



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा बाजार 'छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती' के मौके पर बुधवार को बंद रहेगा। रोज की तरह बाजार में बुधवार को फिर कारोबार शुरू होगा। भारतीय शेयर बाजार में रोज की तरह बुधवार को शेयरों में हुआ कारोबार।

### मित्तल परिवार ने एयरटेल के 8485 करोड़ के शेयर बेचे




**नई दिल्ली।** सुनील भारती मित्तल के परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने बाजार लेनदेन के जरिये एयरटेल के करीब 8,485.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। भारती एयरटेल की प्रवर्तक फर्म भारती टेलीकॉम ने थोक सौदे में आईसीआईएल द्वारा बेची गई कुल बिक्री का लगभग 24 प्रतिशत हिस्सा या 1.2 करोड़ शेयर खरीदे। सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

### मवाना शुगर्स के प्रवर्तक को राशि वापस करने का आदेश




**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मवाना शुगर्स के एक प्रवर्तक को कंपनी की प्रतिभूतियों में भेदिया कारोबार के जरिए प्राप्त 6.17 करोड़ रुपये वापस करने का निर्देश दिया। यह आदेश तब आया जब सेबी ने सितंबर 2017 से फरवरी 2018 की अवधि के लिए मवाना शुगर्स लिमिटेड के प्रवर्तक और विशेष सलाहकार सिद्धार्थ श्रीराम की ट्रेडिंग गतिविधियों की जांच की। जबकि कथित तौर पर उनके पास अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

---

### भारत की अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही


# अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा असर: एसएंडपी

*साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत पर कोई खास प्रभाव नहीं होगा। इसका कारण यह है कि अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही है जबकि निर्यात पर निर्भरता कम है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशिया-प्रशांत एसएंडपी ग्लोबल के सॉवरेन और इंटरनेशनल पब्लिक फाइनेंस रेटिंग के निदेशक यीफर्न फुआ ने यह भी कहा कि भारत अगले दो साल में 6.7 से 6.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट अगले कुछ वर्षों के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा।

- देश की निर्भरता अब निर्यात पर कम है
- भारत अगले दो साल में 6.8 फीसदी की जीडीपी दर हासिल करेगा
- बजट वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा




#### करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत

मुख्य रूप से करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत के माध्यम से घरेलू मांग और जीडीपी की वृद्धि अब 'टिकाऊ स्तर' पर सामान्य स्थिति में आ रही है। उन्होंने कहा, "सरकार निवेश-आधारित वृद्धि और कृषि क्षेत्र में सुधारों पर अधिक अधिक ध्यान दे रही है। हालांकि, हमें लगता है कि महामारी के बाद पिछले तीन वर्षों में वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत होने के बाद भारत में जीडीपी वृद्धि दर अधिक टिकाऊ होती जा रही है।"

#### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, "फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।

#### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, "फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।

#### अमेरिका को निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक

भारत पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, फुआ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक घरेलू उन्मुख है। साथ ही अमेरिका को जो निर्यात हो रहा है, उसमें सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक है, जिसमें शुल्क वृद्धि की संभावना कम है।

#### भारत की निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं

फुआ ने कहा, "भारत की वृद्धि के लिहाज से निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं है। इसलिए, मुझे लगता है कि अमेरिकी शुल्क का प्रभाव कमोबेश सीमित होगा। वस्तुओं के मामले में जिन क्षेत्रों पर अधिक शुल्क लग सकता है उनमें आभूषण, औषधि, कपड़ा और रसायन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत से औषधि पर अधिक शुल्क नहीं लगा सकता है क्योंकि इससे उसके अपने देश में स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ जाएगी।

---

# घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- सेंसेक्स 28 अंक व निफ्टी 12 अंक के नुकसान में रहा

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 28 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 12 अंक नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 28.21 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,939.18 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 12.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस दो-दो प्रतिशत नीचे आए। इसके अलावा, मुख्य रूप से हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी गिरावट रही। लाभ में रहने वाले शेयरों में जोमैटो करीब पांच प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी मुनाफे में रहे।

*बाजार सीमित दायरे में रहा*

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "मानक सूचकांक सीमित दायरे में रहे। इनमें मामूली गिरावट का रुख रहा। हालांकि, हाल में जिन शेयरों में गिरावट आई है, उनमें से चुनिंदा में खरीदारी देखने को मिली है।"*

**NOTICE**

**IN THE COURT OF HON'BLE P.B. NAIKWAD, MEMBER, M.A.C.T.-1, 4th Floor, (G+9), Annex Building, Room 402, DISTRICT COURT, CIVIL LINES, NAGPUR.**

**C.P. No. 1162/23**
**Process No. 701 F.F. 01/03/2025**

Petitioner : Yogeshwar
-versus-
Respondent : Sarbjit
To,
**Sarbjit Kaur Dilbag Singh, R/o CW-197 Sanjay Gandhi TPT nagar New Delhi.**

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act

You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble Chairman MACT, Nagpur,** in person or by a pleader duly instructed on Dated **01/03/2025**, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **03rd** day of **February, 2025.**

Nagpur
Date : 03/02/2025 Seal Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur

Prasanna Publicity 9326927622

### इस साल कर्मचारियों का वेतन 9.2 फीसदी बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** अग्रणी वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता और नरम वृद्धि के बीच भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। सर्वे 2024-25 के अनुसार, बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच, भारत एक स्थिर वृद्धि की ओर अग्रसर है और देश में वेतनवृद्धि 2025 में स्थिर रहने की उम्मीद है।

---

- इंडोफास्ट एनर्जी से सहयोग बढ़ाएगी
- दोनों के बीच 50-50 प्रतिशत की संयुक्त साझेदारी

# जिप इलेक्ट्रिक की एक लाख ईवी दोपहिया तैनाती की योजना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी जिप इलेक्ट्रिक ने बुधवार को कहा कि वह अगले 12-18 महीनों में इंडोफास्ट एनर्जी के साथ साझेदारी में एक लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को तैनात करने की योजना बना रही है।

इंडोफास्ट एनर्जी - इंडियन ऑयल और एसयूएन मोबिलिटी के बीच 50-50 प्रतिशत की साझेदारी वाला संयुक्त उद्यम है। जिप इलेक्ट्रिक पहले से ही इंडोफास्ट एनर्जी के बैटरी अदला-बदली ढांचे द्वारा समर्थित 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को तैनात कर चुकी है। कंपनी ने बयान में कहा कि एक लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों (ई-2डब्ल्यू-एस) के नए बेड़े को भारत के शीर्ष आठ शहरों में तैनात किया जाएगा, जिसमें दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और जयपुर शामिल हैं। इस तैनाती से डिलिवरी भागीदारों और उद्यमों के लिए दक्षता बढ़ेगी। दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में इंडोफास्ट एनर्जी के पास प्रत्येक 1.5 किलोमीटर पर अदला-बदली स्टेशनों का एक व्यापक नेटवर्क है, जिससे निर्बाध और परेशानी मुक्त बैटरी पहुंच सुनिश्चित होती है।

### एलआईसी ने 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मंगलवार को एकल प्रीमियम वाली 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की।यह योजना एक व्यक्ति के साथ ही संयुक्त रूप से पेंशन के लिए कई तरह के विकल्प उपलब्ध कराती है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने इस योजना को पेश किया। इस मौके पर वित्त मंत्रालय और एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि पॉलिसी की शर्तों के अनुसार आंशिक या पूर्ण निकासी के लिए कई नकदी विकल्प उपलब्ध हैं। पेंशन योजना के तहत न्यूनतम खरीद मूल्य एक लाख रुपये है।

### एलजी ने अपने आईपीओ के लिए रोड शो किया शुरू




**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए रोड शो शुरू कर दिया है। आईपीओ के तहत जहां दक्षिण कोरियाई 'चैबोल' 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 10.18 करोड़ से अधिक शेयर बेचेगी। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए मुंबई में रोड शो किया और कुछ रिपोर्टों के अनुसार इसके जरिये 1.5 अरब डॉलर तक जुटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एलजी की संभावित निवेशकों को लुभाने के लिए अन्य शहरों में भी इसी तरह का रोड शो आयोजित करने की योजना है।

### जापान के निर्यात, आयात में जनवरी में वृद्धि

एजेंसी ▸▸ टोक्यो

जापान ने जनवरी में 2760 अरब येन (18 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा दर्ज किया। यह राशि जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी, पिछले महीने निर्यात कुल 7860 अरब येन (52 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, चिकित्सीय सामान और जहाजों सहित विभिन्न उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। आयात कुल 10620 अरब येन (70 अरब डॉलर) रहा, जो जनवरी 2024 की तुलना में 16.7 प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, कंप्यूटर और फलों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के आयात में वृद्धि हुई, क्योंकि मांग में वृद्धि हुई जबकि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले येन कमजोर हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शादाब पुत्र मो. यूनुस** निवासी मकान नंबर 17, जसबीर हाउस, खिचड़ीपुर दिल्ली ने **U/S 356/379/411/34 IPC., FIR.No. 393/17 U/S 356/379/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थाना: **मधु विहार,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शादाब** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित करा दिया गया है कि उक्त **शादाब** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 393/17 U/S 356/379/411/34 IPC.,** थाना: **मधु विहार,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शादाब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

उद्भव कुमार जैन, JMFC-04,
DP/2007/ED/2025 कमरा नंबर.13 2nd फ्लोर KKD कोर्ट शाहदरा, दिल्ली

---

### ट्रंप की शुल्क लगाने की धमकी के बाद सोना बना सुरक्षित निवेश

# सोना फिर 89,400 रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- चांदी में 600 रुपए की तेजी, 99600 रुपए प्रति किलो

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 14 फरवरी को स्थानीय बाजारों में यह 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

*निवेशकों को फेड की घोषणा का इंतजार*

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, "निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की जनवरी की मौद्रिक नीति बैठक के ब्योरे का इंतजार कर रहे हैं।*



#### सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

पिछले सत्र में यह 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नए शुल्क की धमकियों के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने और सतत लिवाली के साथ-साथ बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण बुधवार को सोने में तेजी जारी रही। चांदी का भाव भी बुधवार को 600 रुपये बढ़कर 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

#### इस साल अब तक सोना 10,010 रुपए बढ़ा

इस साल अब तक सोने का भाव 10,010 रुपये यानी 12.6 प्रतिशत बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि एक जनवरी को सोने का भाव 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 900 रुपये की तेजी के साथ 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

#### सोने में वायदा कारोबार रिकॉर्ड उच्चस्तर पर

अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर बढ़कर 2,960.99 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गया। पिछले सप्ताह वैश्विक बाजारों में यह 2,968.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एशियाई कारोबार के घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा भी 33.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**सं. 128-W/280/e निविदा सूचना/NIT/44/2024-25/W-3** **दिनांक: 19.02.2025**

निम्निलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।


| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में दिल्ली मुख्य स्टेशन के 1 से 16 तक विभिन्न प्लेटफॉर्म के स्तंभ पीठ की मरम्मत और सुधार। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹99,98,017.90 (निन्यानवे लाख अठ्ठानवे हजार सत्रह और नब्बे पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | ₹2,00,000/- (रूपये दो लाख मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | ₹0.00/- |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 13.03.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा **www.ireps.gov.in.** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-410-32 |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **562/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कार के साथ

---

## शब्द पहेली - 5784



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5783 का हल**





# चैम्पियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड ने पहले मैच में पाक को 60 रन से हराया

- यंग-लैथम के शतक, ओरूर्क-सैंटनर को 3-3 विकेट
- पाक टीम 47 .2 ओवर में 260 रन पर ऑलआउट






भाषा ▸▸| कराची

सलामी बल्लेबाज विल यंग और कप्तान टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने मेजबान और गत चैम्पियन पाकिस्तान को चैम्पियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में बुधवार को 60 रन से हरा दिया। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाये जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे जिसके दम पर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 320 रन बनाये। ग्लेन फिलिप्स ने नेशनल स्टेडियम पर खेले गए मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाये। पाकिस्तान के शीर्षक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम (90 गेंद में 64 रन), मोहम्मद रिजवान (14 गेंद में तीन रन) और सउद शकील (19 गेंद में छह रन) प्रभावित नहीं कर सके। मेजबान टीम 47 . 2 ओवर में 260 रन पर आउट हो गई। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे फखर जमां 41 गेंद में 24 रन ही बना सके। दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में उसे दो बार हराया। भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले पाकिस्तान के लिये राहत की एकमात्र बात निचले क्रम पर खुशदिल शाह की बल्लेबाजी रही जिन्होंने 49 गेंद में 69 रन बनाये। सलमान आगा ने भी 28 गेंद में 42 रन जोड़े लेकिन शीर्ष क्रम इतनी तेजी से रन नहीं बना सका। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने सटीक गेंदबाजी की और विरोधी बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। तेज गेंदबाज विलियम ओराउरकी ने 47 और मिचेल सेंटनेर ने 66 रन देकर तीन तीन विकेट लिये। इससे पहले यंग ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि लैथम ने 10 चौके और तीन छक्के जड़े। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और न्यूजीलैंड ने 17वें ओवर में 73 रन पर तीन विकेट गंवा दिये। युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने केन विलियमसन का कीमती विकेट लिया जो पिछली 35 वनडे पारियों में पहली बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने विकेट के पीछे मोहम्मद रिजवान को कैच थमाया। चोट के बाद वापसी कर रहे हारिस रऊफ ने डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजा जो खराब पूल शॉट खेलकर शाहीन शाह अफरीदी को कैच दे बैठे। स्पिनरों की मददगार लग रही पिच पर सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे सबसे पहले आउट हुए। अबरार अहमद ने आठवें ओवर में कैरम बॉल पर उन्हें रवाना किया।

**चैंपियंस ट्रॉफी**
मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 2.30 बजे

# दो बार के चैंपियन भारत का पलड़ा भारी, बांग्लादेश से मुकाबला आज

एजेंसी ▸▸| दुबई

दो बार का चैंपियन भारत चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत से आगाज करने उतरेगा। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन गेंदबाजी इकाई को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। शुभ संकेत यह है कि कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया। गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला में क्रमशः 4-1 और 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।

गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़कर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। चैंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू श्रृंखला से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हाल ही में उसका सामना करने वाले इंग्लैंड की तुलना में कहीं अधिक प्रेरित नजर आ रहे हैं और एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है।



### टीम चयन बनी चुनौती

भारत ने पिछले कुछ समय में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बांग्लादेश का सामना करने से पहले उन्हें चयन से जुड़ी कुछ पहेलियों को सुलझाना होगा। इसकी शुरुआत लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम से होती है। क्या वह अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे।

### अर्शदीप-राणा में एक दावेदार

गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती है, विशेषकर चोट की वजह से बुमराह की अनुपस्थिति के कारण। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

## शुभमन वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज



दुबई। भारत के उप कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। गिल ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा है। गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं जबकि बाबर के 773 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।

## पाकिस्तान के कराची में लहराया भारत का तिरंगा



कराची। चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। विवाद के बाद आयोजक पाकिस्तान ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा लगाया है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक बड़ा विवाद सामने आया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि पीसीबी ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा नहीं लगाया था। इसको लेकर सोशल मीडिया पर फैंस का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों का मानना था कि भले ही भारत वहां खेलने न गया हो, लेकिन नियम के तहत मेजबान देश को अपने स्टेडियम में आठों टीमों के झंडे लगाने थे। सोशल मीडिया पर कराची स्टेडियम का वीडियो वायरल हो गया था। हालांकि, अब मामला ठीक दिख रहा है।

**खबर संक्षेप**

### श्वेता को तीसरे चरण में मिली बढ़त

**पुणे।** श्वेता मानसिंह बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर 2025 के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद शीर्ष पर पहुंच गई। टूर पर कई बार अपना पहला खिताब जीतने के करीब पहुंची श्वेता ने दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। श्वेता ने स्नेहा सिंह और वाणी कपूर पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जो एक अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी नेहा त्रिपाठी और पिछले साल ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता हिताषी बक्शी पार 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

### भारत के खिलाफ हमारे पास मौका : शंटो

**दुबई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने कहा है कि उनके पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर हैं और वे चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में भारत को हराने के लिए उन पर निर्भर करेंगे। बांग्लादेश के लिए हालांकि गुरुवार को दो बार के पूर्व चैंपियन भारत का सामना करना आसान नहीं होगा। शंटो ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'भारत के खिलाफ कोई भी मौका बनाने के लिए हमें सभी विभागों में अच्छा खेलना होगा।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुकाबला आज

**शारजाह।** नए खिलाड़ियों से सजी भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम नए मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री के मार्गदर्शन में बृहस्पतिवार को यहां पिंक लेडीज कप में जोर्डन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में हो रहे इस टूर्नामेंट में रूस और कोरिया भी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम में आशालता देवी और बाला देवी जैसे सीनियर खिलाड़ी नहीं हैं जबकि कुछ युवाओं को मौका दिया गया है। भारत एशिया रैंकिंग में 13वें और विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर है जबकि जोर्डन उपमहाद्वीप में 14वें और विश्व में 74वीं रैंकिंग पर है।



### गोपी और अश्विनी होंगे मैराथन का आकर्षण

**नई दिल्ली।** गत पुरुष चैंपियन गोपी थोनाकल और गत महिला चैंपियन अश्विनी मदान जाधव 23 फरवरी को यहां होने वाली अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का आकर्षण होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के रूप में मान्यता प्राप्त इस मैराथन के पुरुष वर्ग में अनीष थापा, बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी और विक्रम बंगरिया जैसे देश के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे।




# दुबई चैंपियनशिप : मुकोवा के खिलाफ हारी राडुकानु

एजेंसी ▸▸| दुबई

ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में कैरोलिन मुकोवा के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। राडुकानु ने दूसरे सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद सेट को टाईब्रेकर में खींचा लेकिन मुकोवा को 6-7, 4-6 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाईं।



## पांचाल के शतक से गुजरात ने की वापसी



**अहमदाबाद।** अनुभवी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल की नाबाद 117 रन की पारी से पूर्व चैंपियन गुजरात ने बुधवार को यहां केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन पहली पारी में एक विकेट पर 222 रन बनाकर मेहमान टीम को ठोस जवाब दिया। गुजरात की टीम अब सिर्फ 235 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। गुजरात के बल्लेबाजों ने मोटेरा की सपाट पिच पर जज्बा और इरादे दिखाए जहां ऐसा लग रहा था कि बेहद धीमी बल्लेबाजी करने वाले केरल ने 100 रन कम बनाए हैं। केरल की टीम सुबह सात विकेट पर 418 रन से आगे खेलने उतरी तथा उसने 39 रन और जोड़कर अपने बाकी तीन विकेट भी गंवा दिया जिससे पूरी टीम 457 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद अजहरूद्दीन 341 गेंद पर 177 रन बनाकर नाबाद रहे।

# जीवनजी, राणा ने पैरा एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीते




भाषा ▸▸| चेन्नई

पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी ने यहां राष्ट्रीय पैरालम्पिक एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में स्वर्ण पदक जीता जबकि सोमन राणा ने पेरिस खेलों के स्वर्ण पदक विजेता होकातो सेमा को एफ57 शॉटपुट में हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 57 . 85 सेकंड का समय निकालकर पीला तमगा जीता। हरियाणा की पूजा को रजत और हरियाणा की ही भुवी अग्रवाल को कांस्य पदक मिला।
पुरूषों के एफ57 शॉटपुट में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी राणा ने पेरिस पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता सेमा को हराकर 14 . 42 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता। सेमा 13 . 53 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। एसएससीबी के शुभन जुयाल को कांस्य पदक मिला। पुरूषों की ऊंची कूद टी45. टी46 और टी47 वर्ग में हरियाणा के विकास ने स्वर्ण जीता। तमिलनाडु के शेख अब्दुल को रजत और हिमाचल के निषाद कुमार को कांस्य मिला।

# डब्ल्यूपीएल : कप्तान लैनिंग, सदरलैंड ने दिल्ली कैपिटल्स को यूपी वारियर्स पर जीत दिलाई

भाषा ▸▸| वडोदरा

कप्तान मैग लैनिंग के 49 गेंद में 69 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को यूपी वारियर्स को सात विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई यूपी वारियर्स ने किरण नवगिरे के आक्रामक अर्धशतक की मदद से सात विकेट पर 166 रन बनाये। जवाब में लैनिंग और अनाबेल सदरलैंड के बीच 35 गेंद में 41 रन की साझेदारी और मरियाने काप की 17 गेंद में 19 रन की नाबाद पारी के दम पर दिल्ली ने एक गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की।

दिल्ली की शुरूआत काफी आक्रामक रही और शेफाली वर्मा (16 गेंद में 16 रन) ने कप्तान लैनिंग के साथ पहले विकेट के लिये सिर्फ 41 गेंद में 65 रन जोड़े। शेफाली को सातवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने चिनेले हेनरी के हाथों लपकवाया। जेमिमा रौड्रिग्स भी ज्यादा देर टिक नहीं सकी और अगले ओवर में खाता खोले बिना सोफी एक्सेलेटन को पैडल स्वीप लगाने के प्रयास में राजेश्वरी गायकवाड़ को कैच दे बैठी। इसके बाद सदरलैंड और काप ने 48 रन की नाबाद साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। आखिरी तीन ओवर में 32 रन की जरूरत थी जब काप ने एक्सेलेस्टोन को लगातार दो चौके लगाये। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिये थे और सदरलैंड ने ताहलिया मैकग्रा को दो चौके जड़कर विजयी रन लिये। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई यूपी टीम के लिये नवगिरे ने 27 गेंद में 51 रन बनाये जबकि दिनेश वृंदा ने 15 गेंद में 16 रन की पारी खेली। दोनों ने 5 . 5 ओवर में 66 रन की साझेदारी करके यूपी को शानदार शुरूआत दी। यूपी ने आखिरी पांच विकेट 52 रन के भीतर गंवा दिये। श्वेता सहरावत (33 गेंद में 37 रन) और ग्रेस हैरिस (12) ने पांचवें विकेट के लिये 36 रन जोड़े। हैरिस ने तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी की गेंद पर मिडआफ में शेफाली वर्मा को सीधे कैच थमाया। आखिर में चिनेले हेनरी ने 15 गेंद में नाबाद 33 रन बनाये। दिल्ली के लिये अनाबेल सदरलैंड ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिये।




## मनु भाकर को आगे भी कोचिंग देते रहेंगे राणा

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और उनके कोच जसपाल राणा का साथ आगे भी बना रहेगा। राणा को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने पिस्टल निशानेबाजी का हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किया है, लेकिन मनु ने पुष्टि की है कि राणा आगे भी उनके कोच बने रहेंगे। चार बार एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राणा और मनु के बीच टोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले दोनों फिर साथ आए। मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। राणा के मार्गदर्शन में मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। मनु ने सोमवार की रात वर्ष 2024 की बीबीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के बाद कहा, मैं इतना ही कहूंगी कि राणा मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं। वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिए बहुत अच्छे कोच रहे हैं। उन्होंने कहा, वह मेरे कोच हैं। वह किसी और के भी कोच हो सकते हैं लेकिन मेरे लिए वह मेरे कोच हैं। हम अप्रैल में विश्व कप में जाएंगे और उसके बाद जून में घरेलू स्पर्धाएं हैं। म्युनिख में फिर विश्व कप और अक्तूबर-नवंबर में विश्व चैंपियनशिप है। मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है।



# एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला टीम को स्पेन ने हराया

- स्पेन ने मंगलवार को पहले मैच में 4 . 3 से जीत दर्ज की

भाषा ▸▸| भुवनेश्वर

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न चरण के मैच में बुधवार को स्पेन ने एक गोल से हरा दिया। स्पेन के लिये सेगु मार्ता ने 49वें मिनट में गोल किया। स्पेन को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि भारत को दो ही मिल सके। स्पेन के हाथों भारत की यह लगातार दूसरी हार थी। स्पेन ने मंगलवार को पहले मैच में 4 . 3 से जीत दर्ज की थी। स्पेन की टीम लगातार चार मैच जीत चुकी है। पहले दोनों क्वार्टर में दोनों टीमों ने प्रयास किये लेकिन कामयाबी नहीं मिली। छठे मिनट में स्पेन को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन लूसिया जिमेनेज और बेर्ता सेराहिमा के शॉट भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने बचा लिये। भारतीय उपकप्तान नवनीत कौर ने 15वें मिनट में सुशीला चानू को गोल के सामने पास दिया लेकिन वह इसे पकड़ नहीं पाई। स्पेन को 18वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामकता दिखाई लेकिन कामयाबी नहीं मिली। तीसरे क्वार्टर में स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज ने दाहिने फ्लैंक से हमला बोला और गेंद एमुंडसन को सौंपी। उसने लगभग गोल कर ही दिया था लेकिन सविता ने बड़ी चुस्ती से उसे बचाया। स्पेन ने चौथे क्वार्टर में कप्तान सेगु के गोल के दम पर बढत बनाई जिनका शॉट सविता के पैरों के बीच से निकल गया।

**कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 6-7, 2-6 से हारे**

# जोकोविच पहले दौर में हारकर बाहर, बेरेटिनी ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▸▸| दोहा

नोवाक जोकोविच मंगलवार को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मातियो बेरेटिनी के हाथों शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बिया के जोकोविच को सीधे सेट में 6-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच की इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पांच मैच में यह पहली हार है। जोकोविच को अब एटीपी टूर पर 100 खिताब जीतने वाले जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के क्लब में शामिल होने के लिए और इंतजार करना होगा। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पैर की मांसपेशियों की चोट के कारण उन्हें एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच के बीच से हटना पड़ा। बेरेटिनी ने अपने करियर में 10वीं बार शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल की और दूसरे दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर का सामना करेंगे। मंगलवार को ही दूसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर ने रोमन सफीउलिन को 6-1, 7-5 से हराया।



## मरे के फ्रेंच ओपन तक कोच बने रहने की संभावना

पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे फ्रेंच ओपन तक नोवाक जोकोविच के कोच बने रहेंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने मंगलवार को एटीपी टूर के मीडिया चैनल को बताया कि मरे कोच के रूप में उनके साथ बने रहने के लिए सहमत हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले जोकोविच और मरे ने एक साथ काम शुरू किया था और शुरुआत में इसे एक असंभव जोड़ी के रूप में देखा गया था। पिछले साल मरे के संन्यास लेने के बाद जोकोविच ने उनके सामने कोचिंग का प्रस्ताव रखा था।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को प्रो लीग रिटर्न मैच में हराया




एजेंसी ▸▸| भुवनेश्वर

भारतीय हॉकी टीम ने गुरजंत सिंह के शानदार फील्ड गोल की मदद से विश्व चैंपियन जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न मैच में बुधवार को 1-0 से हरा दिया।

इससे पहले जर्मनी ने मंगलवार को भारत को 4-1 से मात दी थी। गुरजंत ने खेल के चौथे ही मिनट में गोल कर दिया। भारतीय टीम ने मंगलवार के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए जबर्दस्त खेल दिखाया। पहले ही मिनट से भारत ने दबदबा बना लिया और चौथे क्वार्टर के अलावा जर्मन टीम को हमले करने के मौके ही नहीं दिए। जर्मनी को आखिरी क्वार्टर में पांच और कुल सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस काफी मुस्तैद दिखा। भारत को भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उन पर गोल नहीं हो सके।

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व पीएम ऋषि सुनक बोले

# भारत पर पीएम मोदी के विचारों को सुनना एक रोमांचक अनुभव अपने मित्र से मिलकर अच्छा लगा, कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए पीएम मोदी के विचारों को सुनना 'हमेशा रोमांचक' होता है। ऋषि सुनक और उनके परिवार ने मंगलवार शाम को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और कई विषयों पर विस्तृत बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले सुनक ने सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। सुनक वर्तमान में अपने परिवार के साथ भारत के दौरे पर हैं। 15 फरवरी 2025 को, उन्होंने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दौरा किया था।

**भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाएंगे**

**आर्थिक, सुरक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे**

### हमने कई विषयों पर शानदार बातचीत की



*पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई! हमने कई विषयों पर शानदार बातचीत की। सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं।*

### घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत की

ऋषि सुनक 2022 से 2024 तक ब्रिटेन के पीएम बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। वह अपनी भारतीय जड़ों पर हमेशा गर्व करने वाले सुनक ने आर्थिक, सुरक्षा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत करते हैं। जुलाई 2024 में यूके के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता द्वारा हार स्वीकार किए जाने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में ऋषि सुनक के योगदान की सराहना की।

### ब्रिटेन और भारत की दोस्ती जारी रहेगी

*इससे पहले पीएम मोदी ने 5 जुलाई, 2024 को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि यूके का सराहनीय नेतृत्व करने, भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद ऋषि सुनक। भविष्य के लिए आपको और आपके परिवार को शुभकामनाएं। ऋषि सुनक ने पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की लगातार तीसरी चुनावी जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी थी और इस बात पर जोर दिया था कि ब्रिटेन और भारत के बीच सबसे करीबी दोस्ती है जो आगे भी जारी रहेगी।*

### गर्मजोशी से स्वागत करने पर दिया धन्यवाद

ब्रिटेन के पूर्व पीएम ने पीएम मोदी के पोस्ट के जवाब में लिखा कि अपने मित्र नरेंद्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मेरे परिवार का भी इतने गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आपका धन्यवाद! भारत के लिए आपके विचार सुनना हमेशा रोमांचक होता है, और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि ब्रिटेन-भारत संबंध और मजबूत होते जाएं।



### संसद भवन के वास्तुकला की प्रशंसा की

बता दें, मंगलवार को पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने अपनी पत्नी श्रीमती अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ संसद भवन का दौरा किया था। राज्यसभा से सांसद श्रीमती सुधा मूर्ति भी उनके साथ थीं। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी भी उपस्थित थे। अपने दौरे के दौरान, सुनक परिवार ने संसद भवन परिसर का दौरा किया और इसकी वास्तुकला की भव्यता की प्रशंसा की। उन्होंने गैलरी, चैंबर, संविधान हॉल और संविधान सदन जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया।

## खबर संक्षेप

### लाहौर जा रहे 7 यात्रियों को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों बरखान क्षेत्र में क्वेटा से पंजाब प्रांत जा रही बस को रोका और सात यात्रियों को बस से उतारकर पहाड़ी पर ले गए। इसके बाद उनको गोली मार दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति और पीएम ने इसे आतंकी घटना बताया और इसकी निंदा की। बंदूकधारियों ने बरखान क्षेत्र में हाईवे पर नाकाबंदी करके बस को रोक लिया। वे बस में चढ़े और यात्रियों के पहचान पत्र चेक किए।



### हमास छह बंधकों को और रिहा करेगा

**तेल अवीव।** हमास के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि समूह शनिवार को छह इजराइल बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही गुरुवार को चार इजराइली बंधकों के शव भी लौटाए जाएंगे। हमास नेता खलील अल हय्या ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि जिन मृतकों के शव सौंपे जाएंगे, उनमें बिबास परिवार के सदस्य शामिल हैं। इनमें दो छोटे बच्चे और उनकी मां शामिल है, जिन्हें 7 अक्तूबर के हमले के दौरान बंधक बनाया गया था। बच्चों के पिता को पूर्व में रिहा कर दिया गया है।



पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने छेड़ा जम्मू कश्मीर मुद्दा, भारत ने दिया करारा जवाब

# आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है पाक, यूएन में 20 से ज्यादा प्रतिबंधित आतंकी संगठन वहां हैं मौजूद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। कुछ दिनों पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। पाकिस्तान विदेश मंत्री की टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है। यूएनएससी में भारत के स्थायी राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने मंगलवार को साफ-साफ लफ्जों में कहा कि पाकिस्तान, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है। मेरे समझ से परे है कि पाकिस्तान, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ क्यों थपथपाता है? आतंकवाद भले ही किसी भी स्वरूप, प्रकार और मकसद के लिए हो, उसे सही नहीं ठहराया जा सकता है।

पी. हरीश ने कहा कि भारत हमेशा से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का शिकार रहा है। पाकिस्तान की धरती से चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई आतंकी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 20 से ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से प्रतिबंधित आतंकी संगठन मौजूद हैं। इसके बावजूद जब पाकिस्तान खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता है, तो यह सबसे बड़ी विडंबना होती है। पी. हरीश ने कहा कि आतंकवाद का कोई भी कारण या मकसद स्वीकार्य नहीं हो सकता। निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता।

**निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहरा सकते**

**जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा**




### पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की आलोचना की

*पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के उप पीएम और विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणी में भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से जम्मू-कश्मीर का उल्लेख किया है। मैं फिर से साफ करना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का झूठ और प्रोपेगेंडा कश्मीर की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। चुनाव में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मतदान ने उनकी पसंद को स्पष्ट किया है। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तुलना में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान खुद जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा किए हुए है और वहां के हालात खराब हैं।*

फिर दोहराई मांग

### सुरक्षा परिषद में विस्तार न होने पर भारत नाराज

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग उठाई है। इस बार भारत ने नाराजगी जताते हुए पी. हरीश ने कहा कि जो देश स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं और यूएनएससी में विस्तार नहीं होने दे रहे, वे दूर की नहीं सोच पा रहे और प्रतिगामी सोच वाले देश हैं। भारत ने कहा कि इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चीन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक प्रशासन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर खुली बहस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश शामिल हुए। भारतीय राजदूत ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग दोहराई और कहा कि यूएन में तीन बड़े बदलाव होने बेहद जरूरी हैं। हरीश ने कहा कि पहले तो सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, दूसरा दस्तावेज आधारित सुलह समझौते होने चाहिए और तीसरा बड़े वैश्विक मुद्दों पर नतीजों के लिए एक तय समयसीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया बदल चुकी है और समय के साथ संयुक्त राष्ट्र को भी बदलने की जरूरत है। यह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को प्रदर्शित करना चाहिए न कि साल 1945 की व्यवस्था को।

### भारत में कई हमलों को दिया अंजाम

*पी. हरीश ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान इन्हें सीमा पार से समर्थन देता है, जिससे भारत में हिंसा फैलती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन और व्यक्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति की सूची में शामिल हैं, जिन पर संपत्ति जब्त करने, हथियारों की आपूर्ति रोकने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है।*

राष्ट्रपति रोडिग्रो करेंगे सहयोग

## कोस्टा रिका होकर भारत पहुंचेंगे यूएस निर्वासित, 200 लोगों का जत्था आया



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका से भारतीय अप्रवासियों को निर्वासित करने के बीच कोस्टा रिका एक सेतु के रूप में काम करने पर सहमत हो गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में उसने कहा कि वह भारत और मध्य एशिया सहित अमेरिका में अवैध अप्रवासियों को वापस लाने के लिए सेतु बनकर काम करने को तैयार है। राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रोबल्स के कार्यालय के अनुसार, 200 अप्रवासियों का पहला जत्था एक वाणिज्यिक उड़ान से जुआन सांतामारिया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचा।

बयान में कहा गया है कि कोस्टा रिका की सरकार 200 अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस लाने में अमेरिका के साथ सहयोग करने पर सहमत है। इस जत्थे में मध्य एशिया और भारत के देशों से आए लोग हैं। हालांकि, अभी यह नहीं बताया गया कि उनमें से कितने भारत से हैं।

### आईओएम कर रहा निगरानी

*राष्ट्रपति रोबल्स ने कहा है कि कोस्टा रिका निर्वासितों के लिए उनके मूल देशों तक पहुंचाने में एक सेतु के तौर पर काम करेगा। इन अप्रवासियों को उनके मूल देशों में भेजने से पहले मध्य अमेरिकी राष्ट्र में एक अस्थायी प्रवासी देखभाल सुविधा में स्थानांतरित किया जाएगा। अमेरिका द्वारा वित्तपोषित स्वदेश वापसी की निगरानी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) द्वारा की जा रही है, जो देश में रहने के दौरान प्रवासियों की देखभाल की निगरानी करेगा। अवैध अप्रवासियों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई के बीच कुल 332 भारतीयों वाले तीन बैचों को पहले ही भारत वापस भेज दिया गया है।*

### भारत के पास बहुत ज्यादा पैसा: राष्ट्रपति ट्रंप

भारत में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 21 मिलियन डॉलर की अमेरिकी फंडिंग से जुड़े सवाल पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हैरानी जताते हुए कहा कि हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। ये बात समझ से परे है। वे अमेरिका पर दुनिया में सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं। ट्रंप ने कहा कि वे भारत और पीएम नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने अमेरिकी उद्योग के लिए भारत में संभावनाओं पर कहा कि हम शायद ही वहां प्रवेश कर पाएं क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

कलिंगा यूनिवर्सिटी में छात्रा की मौत

## नेपाल बोला- भारत जाने के लिए अपने छात्रों को नहीं देंगे एनओसी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईटीटी) में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) थर्ड ईयर की छात्रा प्रकृति लमसल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले पर नेपाल सरकार ने प्रतिक्रिया दी है।

नेपाल के शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह भविष्य में ओडिशा के किसी भी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने के इच्छुक अपने छात्रों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करना निलंबित कर सकता है। मंत्रालय ने कहा कि घटना से उत्पन्न समस्याओं के प्रभावी समाधान की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क का



गठन किया गया है। केआईटीटी में नेपाली छात्रों की पढ़ाई फिर से शुरू हो और अनुकूल माहौल सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए हमारा विदेश मंत्रालय भारत सरकार के साथ लगातार राजनयिक प्रयास कर रहा है। वहीं, नेपाल के विभिन्न छात्र संगठनों ने मंगलवार को काठमांडू में भारतीय दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने नेपाली छात्रा की मौत के मामले में जांच की मांग और भारत में रह रहे नेपाली छात्रों की सुरक्षा की मांग की।

### पूर्व पीएम हमले में युवक को 10 साल जेल की सजा

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व पीएम फुमियो किशिदा पर हमले के लिए एक युवक को दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई है। दोषी युवक ने किशिदा पर साल 2023 में एक कार्यक्रम के दौरान पाइप बम फेंका था। दोषी रयुजी किमुरा (25 वर्षीय) पर 15 अप्रैल 2023 को हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। हालांकि उस हमले में किशिदा बाल-बाल बच गए थे, लेकिन दो अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हमले के वक्त किशिदा जापान के पश्चिमी शहर वाकायामा के एक छोटे से बंदरगाह पर थे।



भारतीय नौसेना ने कंबोडिया में दी ट्रेनिंग

## इंटरऑपरेबिलिटी, संयुक्त अभ्यास व क्षेत्रीय सुरक्षा को ताकत देने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन 1टीएस 17 फरवरी को कंबोडिया के सिहानोकविले से रवाना हुआ। 1टीएस स्क्वाड्रन में आईएनएस सुजाता और आईसीजीएस वीरा शामिल हैं। यह एक सफल यात्रा का समापन था। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, भारतीय नौसेना ने विभिन्न मोर्चों पर रॉयल कंबोडियन नौसेना के साथ बातचीत की, संबंधों को ताकतवर बनाया और मैत्री के पुलों को मजबूत किया। पोर्ट कॉल के दौरान, 1टीएस के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन अंशुल किशोर ने नौसेना मुख्यालय, नोम पेन्ह में रॉयल कंबोडियन नेवी (आरसीएन) के कमांडर एडमिरल



टी विन्ह से मुलाकात की। बैठक में वीसीएनएस, डीसीएनएस, सीओएल और आरसीएन के संचालन प्रमुख भी शामिल हुए। द्विपक्षीय क्रॉस ट्रेनिंग, इंटरऑपरेबिलिटी, संयुक्त अभ्यास, क्षेत्रीय सुरक्षा और सद्भावना गतिविधियों के मुद्दों पर चर्चा हुई। समुद्री सहयोग के लिए क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ भारतीय नौसेना की भागीदारी और इस मिशन को आगे बढ़ाने में फर्स्ट ट्रेनिंग स्क्वाड्रन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को दी मंजूरी

## आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ा केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए चट्टान की तरह खड़ी है। गृह मंत्रालय की एक समिति ने 2024 के दौरान अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

वर्ष 2024 के दौरान आई बाढ़, अचानक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिए आंध्र प्रदेश, नागालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को धनराशि मिलेगी। दरअसल केंद्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है।

### 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ दे चुके

अमित शाह ने कहा कि यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ में 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपए और एनडीआरएफ से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपए, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएफएफ) से 14 राज्यों को 2208.55 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएफएफ) से 8 राज्यों को 719.72 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बता दें, केंद्र सरकार ने आपदाओं के तुरंत बाद, औपचारिक ज्ञापन की प्राप्ति की प्रतीक्षा किए बिना, इन राज्यों में अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों को भेज दिया था।



ब्रिटेन में चाकू से होने वाले अपराधों पर लगेगी रोक

## भारतीय किशोर की याद में सरकार ने की 'रोनन कानून' की घोषणा

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को चाकू बेचने वाले ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के लिए सख्त नियमों का एलान किया। सरकार ने भी घोषणा कि नए नियमों को लागू करने में विफल रहने पर कड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम भारतीय मूल के एक किशोर रोनन कांडा (16 वर्षीय) की स्मृति में उठाया गया, जिसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। नए 'रोनन कानून' के तहत खुदरा विक्रेताओं को अपने मंच पर चाकुओं की संदिग्ध और बड़ी मात्रा में खरीद की सूचना पुलिस को देनी होगी। कानून के तहत 18 साल से काम आयु वर्ग के लड़कों को चाकू बेचने पर कड़ सजा का प्रावधान होगा।



### वोल्वरहैम्पटन में की गई थी रोनन की हत्या

जुलाई 2022 में इंग्लैंड के वोल्वरहैम्पटन में रोनन कांडा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हमला उनके घर के पास ही हुआ था। हमला गलत पहचान के कारण हुआ था। रोहन की मां पूजा कांडा ने इसके बाद मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की थी। उनके बेटे की हत्या करने वाले भारतीय मूल के किशोर को 34 साल की सजा हुई थी।

### ऑनलाइन बिक्री की खामियां दूर कीं

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि रोनन कानून चाकू की ऑनलाइन बिक्री के दौरान सामने आ रही खामियों को दूर करने के लिए लाया गया है और यह रोहन की मां और बहन निकिता के लगातार अभियान का नतीजा है, जो युवाओं की हथियारों तक पहुंच को रोकने और इसी तरह दुख झेलने वाले परिवारों के लिए शुरू किया गया था।

कृष्ण की नगरी द्वारका के साक्ष्य जुटाएगा एएसआई

# अंतरजलीय पुरातत्व स्कंध ने शुरू किया अन्वेषण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्र में डूबी भगवान कृष्ण की नगरी द्वारका के सभी पहलुओं और साक्ष्य जुटाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने खोज शुरू कर दी है। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक (पुरातत्व) प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच पुरातत्वविदों की एक टीम ने मंगलवार को द्वारका तट पर पानी के नीचे खोज शुरू की। इस टीम में निदेशक (खुदाई एवं अन्वेषण) एचके नायक, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. अपराजिता शर्मा, पूनम बिंद और राजकुमारी बारबिना ने प्रारंभिक जांच के लिए गोमती क्रीक के पास एक क्षेत्र का चयन किया है। एएसआई के अनुसार इस अन्वेषण के माध्यम से द्वारका नगरी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक साक्ष्य जुटाया जाएगा। पानी के अंदर की जा रही खोज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए एएसआई के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। एएसआई के नवीनीकृत अंडरवाटर पुरातत्व विंग (यूएडब्ल्यू) को हाल ही में द्वारका और बेट द्वारका में



### 2005 से 2007 तक तटवर्ती खुदाई की थी



यूएडब्ल्यू 1980 के दशक से पानी के नीचे पुरातात्विक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। 2001 से विंग बंगाराम द्वीप (लक्षद्वीप), महाबलीपुरम (तमिलनाडु), द्वारका (गुजरात), लोकतक झील (मणिपुर) और एलीफेंटा द्वीप (महाराष्ट्र) जैसे स्थलों पर अन्वेषण कर रहा है। इससे पहले अंडरवाटर पुरातत्व विंग ने 2005 से 2007 तक द्वारका में अपतटीय और तटवर्ती खुदाई की थी। नौसेना और पुरातत्व विभाग की संयुक्त खोज पहले 2005 फिर 2007 में एएसआई के निर्देशन में भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने समुद्र में समाई द्वारिका नगरी के अवशेषों के नमूनों को सफलतापूर्वक निकाला। वर्ष 2005 में नौसेना के सहयोग से प्राचीन द्वारिका नगरी से जुड़े अभियान के दौरान समुद्र की गहराई में कटे-छंटे पत्थर

### 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार खोजी थी

पुरातत्वविद् प्रो. एसआर राव और उनकी टीम ने 1979-80 में समुद्र में 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार की खोज की। उस दौरान उन्हें वहां पर बर्तन भी मिले, जो 1528 ईसा पूर्व से 3000 ईसा पूर्व के हैं। इसके अलावा सिंधु घाटी सभ्यता के भी कई अवशेष उन्होंने खोजे। उस जगह पर भी उन्होंने खुदाई में कई रहस्य खोले, जहां पर कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109